




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 21 जुलाई 2026 | दिन - मंगलवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 175 | मूल्य - 5 रुपये














## सीजेपी प्रदर्शन के दौरान 5 आईपीएस समेत 180 से ज्यादा पुलिसकर्मी घायल, 60 प्रदर्शनकारी भी जख्मी..

नई दिल्ली।

***नीट पेपर लीक मामले को लेकर सोमवार को कॉकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने 70 लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।***





इस बीच पुलिस ने जंतर-मंतर को खाली करा लिया है। सूत्रों के मुताबिक प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प में 5 आईपीएस अधिकारी समेत 180 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। दिल्ली पुलिस हमला करने वालों के खिलाफबीएनएस की धाराओं में केस दर्ज कर रही है। वहीं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से सीजेपी का एक प्रतिनिधिमंडल भी मिला और उनके सामने अपनी मांगें रखी हैं।

इन मांगों में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी शामिल है। वहीं इससे पहले संसद मार्च के दौरान सौरव दास ने एक्स पर लिखा कि अभिजीत दीपक को पुलिस ने उठा लिया है, लेकिन थोड़ी देर बाद उन्होंने खुद साफकिया कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है।

सीजेपी के प्रदर्शन के बीच बड़ी खबर ये भी है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृह मंत्री अमित शाह के बीच बैठक हुई है। आज सीजेपी के प्रदर्शन के बीच एक बड़ी खबर ये भी आई कि कॉकरोच जनता पार्टी के नेता अभिजीत दीपके ने अपना अनशन खत्म कर दिया। सोनम वांगचुक पहले ही अपना अनशन खत्म करने के लिए कुछ शर्तें रख चुके हैं और अभी भी सफदरगंज हॉस्पिटल में एडमिट हैं।

### मप्र विधानसभा सत्र के पहले दिन

## यूसीसी विधेयक पेश, मुख्यमंत्री से जुड़े भूमि सौदों पर हंगामा..

**भोपाल, (भाषा)।**

मध्यप्रदेश सरकार ने सोमवार को विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक-2026 का पेश किया, जिसमें बहुविवाह पर रोक तथा सभी धर्मों के लिए विवाह और तलाक का पंजीकरण अनिवार्य करने का प्रावधान है। इससे पहले कांग्रेस सदस्यों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से जुड़े कथित भूमि सौदों को लेकर हंगामा किया।

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विधेयक पर मंगलवार को चर्चा कराई जाएगी। मॉनसून सत्र के पहले दिन प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने स्थगन प्रस्ताव के जरिए मुख्यमंत्री यादव से जुड़े कथित भूमि खरीद का मामला उठाया, जिस पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायकों और मंत्रियों ने कड़ा विरोध जताया।

हाल में एक समाचार में प्रकाशित खबर में दावा किया गया था कि मुख्यमंत्री यादव और उनके परिजनों ने उनके मुख्यमंत्री बनने के बाद बड़े पैमाने पर भूमि खरीदी। भाजपा ने इन आरोपों को निराधार बताया है। राज्य के संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस की स्थगन प्रस्ताव की मांग का विरोध करते हुए कहा कि यह विषय स्थगन प्रस्ताव के तहत नहीं लिया जा सकता, क्योंकि यह हालिया नहीं बल्कि पुराना मामला है।

इसके बाद कांग्रेस विधायक नारेबाजी करते हुए आसन के सामने आ गए। विजयवर्गीय की दलील को खारिज करते हुए सिंघार ने कहा कि स्थगन प्रस्ताव सिंहस्थ क्षेत्र से जुड़ी कथित भूमि खरीद और मुख्यमंत्री के परिवार से जुड़ी कथित जमीन खरीद के मुद्दे पर चर्चा के लिए लाया गया है। कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी। बाद में अध्यक्ष ने स्थगन प्रस्ताव यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह तत्काल महत्व का विषय नहीं है। तोमर ने कहा, ''नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और दिनेश जैन की ओर से प्राप्त स्थगन प्रस्तावों की विषय-वस्तु का परीक्षण किया गया। स्थगन प्रस्ताव इसलिए अस्वीकार किया जाता है क्योंकि यह तत्काल महत्व का विषय नहीं है। सामान्यतः स्थगन प्रस्ताव वर्तमान घटनाओं और राज्य की कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर चर्चा के लिए लाए जाते हैं और परंपरा भी यही रही है।'' इसके बाद सिंघार ने बयान जारी कर कहा कि विधानसभा के मॉनसून सत्र के पहले ही दिन कांग्रेस ने उज्जैन भूमि घोटाले का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कथित भूमि खरीद के ''गंभीर मामले'' पर विस्तृत चर्चा की मांग करते हुए आरोप लगाया कि सरकार इस पर बहस से बच रही है, जिसके विरोध में कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन किया।

सिंघार ने कहा, ''जो सरकार विधानसभा में सवालों का सामना करने से डरती है, वह जनता को क्या जवाब देगी? भाजपा सरकार विधानसभा को जवाबदेही का मंच नहीं बल्कि अपनी ढाल बनाना चाहती है।''











## चांवल घोटाला मामले में अब बालाघाट पुलिस ने किया गोंदिया के दो राईस मिलर्स को गिरफ्तार..

### अब तक 10 आरोपियों की हो चुकी गिरफ्तारी..

जगप्रेरणा बालाघाट/गोंदिया।

***दिनांक 03 जुन को बालाघाट जिले के वारासिवनी में संचेती राईस मिल में एथेनॉल प्लांट के लिये निकले और चांवल के ट्रकों के पकड़े जाने के मामले में बालाघाट पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में निरंतर जांच जारी है। हांलांकि***




इस जांच में एथेनॉल प्लांट के मालिक को गिरफ्तार नहीं किये जाने तथा खुले बाजार में व्यापार के तरीके पर काम करने वाले राईस मिलर्स जिन्होंने की एथेनॉल प्लांट के चांवल को खरीदा बताते हुए राईस मिलर्स इस मामले में मजबूरी और सरकार की नीति को दोष दे रहे हैं, लेकिन बावजूद इसके जिन राईस मिलर्स ने एथेनॉल प्लांट एवीजे छिंदवाड़ा के लिये निकला चांवल खरीदा है, अब उन राईस मिलर्स पर अपराध दर्ज करते हुए बालाघाट पुलिस निरंतर एक्शन मोड में है।

चावल घोटाले की जांच करते हुए बालाघाट पुलिस ने अब गोंदिया (महाराष्ट्र) के दो बड़े राइस मिलर्स खंडेलवाल राइस मिल के संचालक किशनलाल खंडेलवाल और जुगल खंडेलवाल को गिरफ्तार किया है, तथा जानकारी के अनुसार अब तक इस चांवल कांड में 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

इससे पहले पुलिस ने नैतरा की श्री बिहारी राइस मिल के संचालक बिहारी पटले, शांति राइस मिल के संचालक सुरेंद्र राणा, विराज राइस मिल के संचालक और मुनीम समेत अन्य आरोपियों को पकड़ा था।

### खंडेलवाल राईस मिल पर 3.5 करोड़ का चावल खरीदने का आरोप

पुलिस सुत्रों से प्राप्त खबरों के अनुसार जांच में पुलिस ने यह पाया है कि गिरफ्तार खंडेलवाल बंधुओं ने एवीजे एथेनॉल प्लांट के नाम पर सरकारी गोदामों से निकला करीब 3.5 करोड़ रुपए का फोर्टिफाइड चावल खरीदा था, पुलिस काफी दिनों से उनसे पूछताछ कर रही थी, तथा राईस मिल और एथेनॉल प्लांट के गिरफ्तार मैनेजर एवं ट्रक ड्राईवर के बयानों का क्रॉस वेरिफिकेशन भी किया गया, इसके बाद अब 19 जुलाई को खंडेलवाल राईस मिल के किशनलाल खंडेलवाल और जुगल खंडेलवार को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की।

जानकारी के अनुसार खंडेलवाल राईस उद्योगा का बड़ा कारोबार है, तथा वे शराब फैक्ट्रियों को भी माल सप्लाई करने के साथ ही चांवल के एक्सपोर्टर भी बताए जा रहे हैं। गौरतलब है कि एवीजे एथेनॉल प्लांट बोरगांव (छिंदवाड़ा) के नाम पर सरकारी गोदामों से निकला फोर्टिफाइड चावल प्लांट पहुंचाने की बजाए सीधे राईस मिलों को बेच दिया गया। इस मामले में एथेनॉल प्लांट का मालिक और उसका बेटा तथा सिवनी तथा वारासिवनी के राइस मिलर्स को पकड़ने में फिलहाल पुलिस विफल हुई है, तथा तेजी से सभी की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने इस मामले में अब तक 13 से ज्यादा लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, तथा कार्रवाई के दौरान राइस मिलों से 12 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का 5 हजार मीट्रिक टन से ज्यादा चावल और 20 से अधिक ट्रक जब्त किए जा चुके हैं, वहीं इस मामले में इस बात का भी इंतजार किया जा रहा है कि एफसीआई के अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना क्या यह घोटाला संभव था, तथा इसे कैसे पुलिस उजागर करेगी।






### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप मे जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है।

अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा खबरों से जुड़ें।

कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविन्दचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियां सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# आखिरकार डबल मनी मामले में 04 साल बाद हरिद्वार से पकड़ लाई बालाघाट पुलिस सोमेन्द्र कंकरायने संहित सभी आरोपियों को..

## पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा, निवेशकों को न्यायालय के माध्यम से मूल राशि दिलवाने का करेंगे प्रयास..

## सोमेन्द्र ने पत्नकारो के सवालों के जवाब मे कहा हां हमसे गलती हुई लेकिन..






जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट जिले के लांजी तहसील के ग्राम बोलेगांव में वर्ष 2022 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ एवं एसडीओपी आदित्य मिश्रा की भूमिका के चलते डबल मनी मामला सामने आया था, तथा पुलिस ने 18 मई 2022 को डबल मनी मामले में अनियमित जमा योजना प्रतिबंध अधिनियम 2019 की धारा 21(1) एवं 21(2) के तहत लांजी थाने में दो और किरनापुर थाना में एक मामला कायम कर 14 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें पुलिस ने राशि दोगुना करने के मुख्य आरोपी बोलेगांव निवासी 28 वर्षीय सोमेन्द्र पिता योगेन्द्र कंकरायने,*

कोकना निवासी 28 वर्षीय तामेश पिता रामप्रसाद मंसुरे, 24 वर्षीय राकेश पिता रामप्रसाद मंसुरे एवं बोलेगांव निवासी 23 वर्षीय प्रदीप पिता दिनेश कंकरायने, बोलेगांव निवासी 36 वर्षीय हेमराज पिता तुलसीराम आमाडारे, धनराज पिता तुलसीराम आमाडारे, कुंदन पिता सुरेश यादव, 19 वर्षीय ललित पिता खेमराज वैष्णव और 28 वर्षीय राहुल पिता राजकुमार बापुरे, 43 वर्षीय रामचंद्र पिता नानुलाल कालबेले, किरनापुर थाना अंतर्गत किन्ही चौकी के छिंदीकुआ निवासी 38 वर्षीय अजय तिड़के ब्रजलाल तिड़के, महेश पिता ब्रजलाल तिड़के, डोरली निवासी 28 वर्षीय शिवजीत पिता मायाराम चिले और किन्ही निवासी 33 वर्षीय मनोज पिता टेकलाल सोनकर के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जिनके पास से पुलिस ने 10 करोड़ रूपये, 16 मोबाईल और तीन महंगे वाहन जब्त किये थे। इस मामले में पहले से हेमराज आमाडारे एवं अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस सफल रही, तथा उक्त आरोपी 2022 से जेल की सलाखों के पीछे है, वहीं आज 20 जुलाई को 04 साल बाद दिसंबर 2022 से उच्च न्यायालय से जमानत नामंजूर होने के बाद से फरार चल रहे आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने एवं सहयोगी तामेश मंसुरे, राकेश मंसुरे, प्रद्युमन कंकरायने, योगेंद्र कंकरायने, दिनेश कंकरायने और रूपचंद सहित एक अन्य को हरिद्वार से गिरफ्तार किया है।

## आरोपियो को लगातार तलाश रही थी पुलिस.. - आदित्य मिश्रा

बालाघाट पुलिस कन्ट्रोल रुम में आज 20 जुलाई को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने संहित अन्य सभी आरोपियों को मीडिया के समक्ष पेश किया, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने बताया कि दिसंबर 2022 से बेल याचिका खारिज होने के बाद से सोमेन्द्र कंकरायने और अन्य सहयोगी फरार थे, जिन्हें हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया। श्री मिश्रा ने बताया कि पुछताछ में सोमेन्द्र ने बताया कि उन्होंने जगन्नाथपुरी, त्रयंबकेश्वर, मीनाक्षी टेम्पल, रामेश्वरम आदि अनेक तीर्थ स्थलों में फरारी काटी, और पिछले कुछ समय से ये हरिद्वार में थे, तथा स्थानीय लोगों के संपर्क में भी थे, जिस पर इन्हें गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि डबल मनी मामले में 63 से आपराधिक प्रकरण दर्ज किये गए थे, कुछ में जांच अभी भी जारी है। पुलिस ने यह भी बताया कि सोमेन्द्र और सहयोगी आरोपियों की फरारी की तलाश और जांच में यह भी जानकारी मिली कि इन्होंने कुछ जमीनें रिश्तेदारों के नाम से भी खरीदी थी, और उन जमीनों को पावर ऑफ अटार्नी के माध्यम से बेचने का कार्य किया जा रहा था। पावर ऑफ अटार्नी का रजिस्ट्रेशन भोपाल में किया जा रहा था, जिसकी भनक पुलिस को लर्ग गई थी, जिस पर पुलिस गुप्त रुप से छानबीन कर आरोपियों तक पहुंचने प्रयासरत थी।

### 2016 से शुरु था डबल मनी मामला..

पुलिस अधीक्षक ने आगे प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि डबल मनी मामले की शुरुआत 2016 से की गई थी, जिसमें आरोपी सोमेन्द्र कंकरायने ने बतायाकि खुद की जमीन और पुश्तैनी जमीन से उन्होंने डबल मनी का काम शुरु किया था, लोगों को उनकी धनराशि मिलती गई तो विश्वास बढ़ता चला गया, लेकिन देखते ही देखते यह बहुत बड़ा स्कैम बन गया। सोमेन्द्र कंकरायने के अलावा बाद में और भी बहुत से लोगों ने डबल मनी का कारोबार शुरु किया, जो पुलिस की जानकारी में 2022 में आया, और फिर कार्रवाही शुरु की गई थी।

### लोगों को ऐसे निवेश से बचना चाहिये..

पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि दुनिया में कोई ऐसी स्कीम नहीं है, जिसमें इस तरह से कम समय में दो गुना राशि आपको मिल जायेगी। लोगों को लालच से बचना चाहिये। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि अगर उस वक्त हमने इस मामले को उजागर नहीं किया होता, और अपराध दर्ज नहीं किया होता, तो आज यह मामला कई गुना बढ़ जाता, और बहुत बड़ी संख्या में निवेशकों की धनराशि डुब जाती।

### निवेशक कानुन हाथ में ना लें..

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कहा कि विगत दिनों निवेशकों द्वारा बोलेगांव पहुंचकर सोमेन्द्र कंकरायने के निवास को घेर कर उपद्रव किया गया था, तथा उनके परिवारजनों के साथ अभद्रता की गई थी। इस तरह की हरकतों से निवेशक बचें, और धैर्य रखें। यदि कोई भी व्यक्ति आरोपियों के परिवार से अभद्रता करेगा और कानुन हाथ में लेगा तो उन पर भी कार्रवाई की जायेगी। मेरा सभी से अनुरोध है कि आप आरोपियों के परिवारों के साथ कोई हरकत ना करें।

### निवशकों को दिलवायेंगे धनराशि..

पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह भी कहा कि सोमेन्द्र कंकरायने और अन्य आरोपियों से 13 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, 32 से अधिक बैंक खातों में जमा करीब 11 करोड़ रुपये, तथा 45 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति को जब्त और सीज किया गया था। जो धन पुलिस ने जब्त किया, उस धनराशि से निवेशकों को माननीय न्यायालय के माध्यम से उनकी मूल राशि दिलवाने का प्रयास किया जायेगा।

### पत्नकारों ने किये सोमेन्द्र से सवाल, दिया सहजता से जवाब..

गौरतलब है कि डबल मनी मामले में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करने के बाद सोमेन्द्र कंकरायने से सवाल जवाब करने की भी स्वतंत्रता दी, जिसके बाद सोमेन्द्र कंकरायने ने पत्नकारों के सवालों के जवाब भी दिये। सोमेन्द्र कंकरायने से पूछे जाने पर सोमेन्द्र ने कहा कि हम मानते हैं कि हमसे गलती हुई है। गलती होती है इंसानों से। मनपसंद गाड़ी के सवाल पर सोमेन्द्र ने मीडिया को बताया कि हमारी वो टाटा हैरियर गाड़ी रमेश भटेरे जी के रिश्तेदार के पास है। सोमेन्द्र ने यह भी कहा कि हमसे जो गलती हुई है, उसकी पूरी जांच ईमानदारी के साथ एसपी साहब कर रहे हैं, और हमें माननीय न्यायपालिका पर भी पूरा भरोसा है।

सोमेन्द्र कंकरायने ने इस बात पर अफसोस जताया कि हमारे नाम से काम करने वालों ने गरम तवे पर रोटी सेंकने का जो काम किया, उसके कारण सारी परेशानियां खड़ी हुई। उसने बताया कि 20 दिसंबर 2022 को हमारी बेल खारीज हो गई, तो फिर कुछ समझ में नहीं आया, ऐसे में फिर हम फरार हो गए। लोगों के पैसे का क्या होगा, इस सवाल पर सोमेन्द्र ने कहा कि अब यह माननीय न्यायपालिका तय करेगी। आगे उसने कहा कि रायपुर और राजनांदगांव और अन्य जिलों से भी लोग आकर काम कर रहे थे, और स्थानीय भी कई लोगों को एजेंट बनाकर काम कर रहे थे, लेकिन पूरा ठीकरा मेरे सर ही मढ़ दिया गया।

सोमेन्द्र ने कहा कि जो धनराशि हम लेते थे, उसको जमीनों में निवेश करते थे। पत्नकारों के हजारों करोड़ों के मामले पर सोमेन्द्र ने कहा कि एसपी साहब जांच कर रहे हैं, कुल कितने का मामला है, वही बताएंगे। सोमेन्द्र की गाड़ियों के संदर्भ में सोमेन्द्र ने कहा कि उसकी गाड़ियां गोंदिया में मोनु अग्रवाल के पास गिरवी रखी है। यह पूछे जाने पर कि आपने फरारी का समय धार्मिक नगरीयों में ही क्यों बिताया, इस सवाल पर सोमेन्द्र ने कहा कि हम पहले से ही धार्मिक व्यक्ति हैं, इसलिये धार्मिक स्थलों पर फरारी काटी। सोमेन्द्र ने आगे कहा कि जांच की बात है तो जिन्होंने मेरे नाम पर काम किया, उन सभी की भी जांच होनी चाहिये।

# शिक्षा विभाग में पदस्थ नितिन कोमटवार का दुखद निधन..

## आज होगा अंतिम संस्कार



जगप्रेरणा बालाघाट।

बालाघाट नगर के निवासी तथा शिक्षा विभाग में लेखापाल के पद पर खोंगाटोला में पदस्थ रहे नितिन कोमटवार का 20 जुलाई को गंभीर बिमारी के चलते दुखद निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे, तथा अपने पीछे पत्नी, दो पुत्न, वृद्ध मां एवं बहनों संहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. नितिन कोमटवार के पार्थिव देह की अंतिम यात्ना आज 21 जुलाई को सुबह 10.30 बजे उनके निज निवास प्रेम नगर गायत्नी मंदिर के सामने वाली गली से निकलेगी, तथा स्थानीय मोक्षधाम जागपुर घाट में अंतिम संस्कार किया जायेगा।

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

ग्रेसियस कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC, ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग 4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन. सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान/गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

## भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, बाबासाहेब अंबेडकर और महात्मा गांधी के पोस्टर लेकर

# नीट परीक्षा में गड़बड़ी और वांगचुक के समर्थन में बालाघाट में छात्रों ने किया प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता की मांग को लेकर सोमवार को बालाघाट में छात्रों और सामाजिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने शहर में रैली निकालकर केंद्र सरकार एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफनारेबाजी की और उनके इस्तीफे की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में आंदोलनरत सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा हटाए जाने का भी विरोध किया गया।*

प्रदर्शन में शामिल छात्र और युवा हाथों में शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के पोस्टर लेकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए काली पुतली चौक पहुंचे। पोस्टरों पर शिक्षा में पारदर्शिता, रोजगार और छात्रों के अधिकारों से जुड़े संदेश लिखे गए थे। चौक पर एकत्र होकर प्रदर्शनकारियों ने सोनम वांगचुक के समर्थन में नारे लगाए और सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

युवा कार्यकर्ता दयाल वासनिक ने कहा कि देश के छात्र लगातार परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी आवाज को गंभीरता से नहीं ले रही। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा हटाया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन है।

प्रदर्शन में समता सैनिक दल के पदाधिकारी और स्थानीय छात्र भी शामिल हुए। उन्होंने नीट सहित विभिन्न प्रतियोगी एवं भर्ती परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कराने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करने तथा सोनम वांगचुक को हटाने गई दिल्ली पुलिस टीम के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि देश के युवाओं का भविष्य निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली पर निर्भर करता है। यदि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं होगी तो छात्रों का विश्वास व्यवस्था से उठ जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time /Full Time
AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC छात्रों को शासन के योजनानुसार
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology /Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' - जिले भर में स्कूल, बस स्टैंड, खेल मैदान एवं सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक अभियान..

### मानव श्रृंखला, हस्ताक्षर अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों से 5000+ लोग हुए जागरूक..

### शिक्षा विभाग, युवा कल्याण एवं पुलिस के संयुक्त प्रयास से दिया गया नशा मुक्ति का संदेश..




**जगप्रेरणा सिवनी।**
मध्यप्रदेश शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' महा-अभियान (15-30 जुलाई 2026) के अंतर्गत आज दिनांक 20.07.2026 को सिवनी जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### मानव श्रृंखला एवं स्कूल-कॉलेज कार्यक्रम..

थाना बरघाट - **SDOP** की उपस्थिति में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।थाना अजाक - ब्राइट फ्यूचर हायर सेकेंडरी स्कूल कलारबाकी एवं ग्राम कलारबाकी में मानव श्रृंखला बनाकर नशे के दुष्प्रभाव बताए गए।थाना छपारा - सांदीपनी स्कूल एवं शा.पी.एम.श्री हाई स्कूल सादक में छात्रों को नशे से दूर रहने का संकल्प कराया गया। थाना लखनादौन - शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जनजागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ। थाना केवलारी - शासकीय माध्यमिक शाला बिनेकी में छात्रों एवं शिक्षकों को जागरूक किया गया। थाना कुरई - शा. उत्कृष्ट उ.मा.वि. कुरई में ग्रामीण युवा केंद्र द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज का संकल्प लिया। थाना किंदरई - कन्या स्कूल पोंडी एवं ग्राम केदारपुर में छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। बस स्टैंड, बाजार एवं सार्वजनिक स्थान जनता नगर - थाना क्षेत्र में जनजागरूकता अभियान चलाकर आमजन को नशामुक्ति का संदेश दिया गया। ग्राम धपारा, थाना अरी - ग्रामीणों को नशे से होने वाले नुकसान बताए गए। ग्राम ठरकाखेड़ा एवं टोल प्लाजा फुलारा, थाना लखनवाड़ा - राहगीरों एवं चालकों को जागरूक किया गया। अहिंसा द्वार एवं मुख्य बाजार, थाना लखनादौन - व्यापारियों एवं नागरिकों को पंपलेट वितरित किए गए। बस स्टैंड उगली - यात्रियों एवं दुकानदारों को अभियान की जानकारी दी गई। ग्राम राहीवाड़ा, थाना बंडोल - यात्री प्रतीक्षालय एवं चाय-नाश्ते की दुकानों में पंपलेट चस्पा कर हेल्पलाइन 14446 की जानकारी दी गई। ग्राम कोडिया माल, चौकी भीमगढ़ - ग्रामवासियों एवं छात्र-छात्राओं को पंपलेट वितरित किए गए।

### खेल एवं अन्य विशेष कार्यक्रम..

फुटबॉल स्टेडियम सिवनी - खिलाड़ियों, फिजिकल फिटनेस ग्रुप एवं आम नागरिकों की उपस्थिति में जनजागरूकता कार्यक्रम एवं सामूहिक शपथ। खेल परिसर ग्राउंड, थाना कुरई - युवा पीढ़ी के साथ मानव श्रृंखला बनाकर नशे के प्रति जागरूकता फैलाई गई।

जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालय कुरई - तहसीलदार महोदय एवं समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। ग्राम पंचायत जामुनपानी, विकासखंड धनौरा - खेल एवं युवा कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एकीकृत शासकीय हाई स्कूल के शिक्षक, छात्र एवं ग्रामीणों की सहभागिता से कार्यक्रम एवं शपथ।

### अभियान का उद्देश्य..

युवा पीढ़ी, छात्र-छात्राओं एवं आमजन को नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों से अवगत कराकर 'नशा मुक्त मध्यप्रदेश' बनाने हेतु संकल्पबद्ध करना।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन..

नशे की लत से परेशान व्यक्ति सहायता के लिए मानस हेल्पलाइन 1933 एवं नशामुक्ति हेल्पलाइन 14446 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पुलिस अधीक्षक..

कृष्ण लालचंदानी ने कहा कि 30 जुलाई तक यह अभियान जिले के प्रत्येक गांव, स्कूल एवं सार्वजनिक स्थान पर निरंतर जारी रहेगा। समाज के सभी वर्गों से अपील है कि वे नशे के विरुद्ध इस जनआंदोलन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

## धनौरा जनपद में 'नशा मुक्ति अभियान' का शुभारंभ..

# जनप्रतिनिधियों, पुलिस और आम नागरिकों ने ली नशा मुक्त समाज बनाने की शपथ..

**जगप्रेरणा बलजीत सिंह धनौरा।**



नशा मुक्त समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के संकल्प के साथ आज जनपद पंचायत धनौरा प्रांगण में 'नशा मुक्ति जागरूकता अभियान' का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद प्रशासन, पुलिस विभाग, सरपंच संघ, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर नशा उन्मूलन का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनौरा पुलिस विभाग के प्रमुख (थाना प्रभारी), नशा मुक्ति अभियान समिति के संयोजक श्री सुरेंद्र जैन, सामाजिक कार्यकर्ता बसंत प्रजापति, विजय मिश्रा, राजू दहिया, जमसिंह जी, जनपद पंचायत के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनपद सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### सामूहिक शपथ और नशा मुक्त समाज का संकल्प..

जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने एक स्वर में नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ ली। वक्ताओं ने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है, क्योंकि नशा मुक्त नागरिक ही देश और समाज के वास्तविक हितैषी हो सकते हैं।

### प्रतिदिन आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम..

अभियान के दौरान आगे प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। समिति व जनपद प्रशासन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और धनौरा को पूर्णतः नशा मुक्त बनाने में सहयोग करने की अपील की है।

# रुद्रावतार हनुमान मंदिर में आज 251 वें संगीतमय सुंदरकांड का भव्य आयोजन

### सुबह विशेष अभिषेक-चोला श्रृंगार, शाम को भजन संध्या का होगा आयोजन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
शहर के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुके रुद्रावतार हनुमान मंदिर, जिला अस्पताल के सामने, सिवनी में आज 21 जुलाई (मंगलवार) को 251वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन होगा। इस ऐतिहासिक धार्मिक अवसर को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना प्रारंभ हो जाएगा और पूरे दिन धार्मिक वातावरण बना रहेगा।

शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, महाआरती, भजन संध्या तथा रामभोज के साथ आयोजन का समापन होगा। मंदिर के पुजारी अर्जुन पंडा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार प्रातः 7 बजे भगवान रुद्रावतार हनुमान जी के पंचामृत अभिषेक एवं विशेष चोला श्रृंगार से होगी। इसके बाद भगवान का दिव्य श्रृंगार दर्शन, पूजन-अर्चन एवं भक्तों के लिए दर्शन का क्रम पूरे दिन जारी रहेगा। श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य एवं मंगल की कामना करेंगे। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी 2024 (मंगलवार) को मंदिर परिसर में प्रथम संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया था। तभी से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को बिना किसी व्यवधान के नियमित रूप से सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की अटूट आस्था, सेवा भावना और निरंतर सहभागिता के कारण यह धार्मिक आयोजन आज 251वें सुंदरकांड के गौरवपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। यह केवल एक संख्या नहीं, बल्कि लगातार ढाई वर्ष से अधिक समय से चल रही भक्ति, अनुशासन और श्रद्धा का प्रतीक है।आज रुद्रावतार हनुमान मंदिर जिले में सनातन संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचकर सुंदरकांड पाठ में सहभागी बनते हैं। सुंदरकांड के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों और पवनपुत्र हनुमान की भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंच रहा है। मंदिर परिसर में नियमित रूप से होने वाले धार्मिक आयोजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति के एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया है।

संध्या बेला में 251वें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ होगा। पाठ की पूर्णाहुति के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, महाआरती एवं भव्य भजन संध्या आयोजित की जाएगी। प्रसिद्ध भजन गायक शिवशंकर पिटनिया अपने सुमधुर एवं भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के लिए रामभोज (महाप्रसाद) का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक 251वें संगीतमय सुंदरकांड में सहभागी बनने तथा पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# एकत्व महिला परिषद द्वारा कन्या आश्रम में 51 बच्चों को किए गए छाते वितरण..

### प्रधान पाठक सहित शिक्षकों का किया सम्मान..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
एकत्व महिला परिषद द्वारा सुंदरी संभाग के तत्वाधान में रानी दुर्गावती आदिवासी कन्या आश्रम इंग्लिश मीडियम शाला चुना भट्टी बरघाट रोड सिवनी के 51 बच्चों को बारिश से राहत दिलाने के लिए छत्ते का वितरण किया गया।

इस दौरान परिषद की सदस्यों द्वारा शिक्षकों का सम्मान एवं बच्चों को पौष्टिक आकर भी कराया गया जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती अंजलि जैन के मार्गदर्शन में एकत्व महिला परिषद की अध्यक्ष श्रीमती स्वाति जैन सचिव पूर्वी जैन कोषाध्यक्ष नीलम जैन, अनीता दिवाकर, सुमन जैन, सुधा बाझल, नीलू जैन, रोशनी जैन, दीप्ति जैन ,सहित वरिष्ठ सदस्यों में नीलम बाझल अनीता दिवाकर, सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

इस दौरान कन्या आश्रम इंग्लिश मीडियम चुना भट्टी के प्रधान पाठक शुभ्रां सोनकेसरिया शिक्षिका अनीता दुबे, रश्मि पडवार, शोभा वाडिवा ,लक्ष्मी शर्मा, एवं कुरेशी मैडम शामिल हुई। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त श्रीमती रोशनी जैन द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि एकत्व महिला परिषद सिवनी पीडित जनों के बीच कार्य करती है तथा लोगों को संदेश देती है कि मानव सेवा ही जन सेवा है और यह कार्य किसी भेदभाव के कहीं भी किया जा सकता है। वर्तमान में परिषद की अध्यक्ष स्वामी जैन स्वाति जैन पूर्वी,नीलम जैन सहित समस्त सदस्यों द्वारा किस क्षेत्र में कार्य किया जा रहे हैं तथा लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। स्कूलों में बारिश के मौसम में बच्चों के लिए छाते उपलब्ध करा कर उन्हें बारिश में भीगने से बचने का काम करना हमारा प्रयास है इस कार्य के लिए सभी सहयोगी साधुवाद के पात्र हैं।

# पेंशनर्स को बड़ी राहत अब डी आर भुगतान का रास्ता साफ

### छत्तीसगढ़ ने खत्म की 'परस्पर सहमति' की शर्त, पेंशन एसोसिएशन ने सी एम का जताया आभार..



**जगप्रेरणा सिवनी।**
मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के लाखों पेंशनर्स के लिए राहत भरी खबर है। दोनों राज्यों के वित्त सचिवों के संयुक्त हस्ताक्षर से 17 जुलाई 2026 को जारी आदेश के तहत पेंशनर्स को महंगाई राहत (डीआर) देने में लागू 'परस्पर सहमति' की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। आदेश जारी होने की तिथि से यह व्यवस्था प्रभावी हो गई है।

संगठन के उप प्रांत अध्यक्ष डी बी नायर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे वर्षों से चली आ रही एक बड़ी प्रशासनिक बाधा के अंत के रूप में बताया है।एसोसिएशन का कहना है कि केंद्र सरकार की व्यवस्था में महंगाई राहत के भुगतान के लिए परस्पर सहमति जैसी कोई शर्त नहीं थी, लेकिन मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच यह व्यवस्था लागू होने से पेंशनर्स को लंबे समय तक आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके खिलाफ पेंशनर्स लगातार आवाज उठाते रहे। एसोसिएशन के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल से इस दिशा में ठोस प्रगति हुई। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार से इस व्यवस्था को समाप्त करने के लिए पहल की, जिसके बाद दोनों राज्यों के बीच सहमति बनी और वित्त विभाग ने आदेश जारी कर दिया। पेंशनर्स संगठन का मानना है कि यह निर्णय प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। मध्यप्रदेश वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार दुबे सहित प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। संगठन ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि पेंशनर्स की लंबित महंगाई राहत (डीआर) की बकाया राशि का परीक्षण कर दीपावली तक सुविधाजनक किस्तों में उसका भुगतान भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि वृद्ध पेंशनर्स को आर्थिक राहत मिल सके।

एसोसिएशन के वरिष्ठ उप प्रांताध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता डी.बी. नायर ने कहा कि प्रदेश के पेंशनर्स मुख्यमंत्री से भविष्य में भी ऐसी ही संवेदनशील और जनहितैषी पहल की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए आगे भी सकारात्मक निर्णय लेती रहेगी।

# कौमी एकता कमेटी ने सी एच एम ओ की उपस्थिति में जिला चिकित्सालय पहुंचकर दिया स्वच्छता का संदेश



**जगप्रेरणा सिवनी।**
दिनांक 20.7.2026 को एच एम ओ पंकज दुबे की उपस्थिति में जिले की सामाजिक संस्था कौमी एकता कमेटी के पदाधिकारीयों द्वारा जिला चिकित्सालय के वार्डो पर पहुंचकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। साथ ही कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा ने बताया कि जिला चिकित्सालय सीएमएचओ द्वारा संगठन को विभागीय पत्र प्रदान होने पर आज मरिज एवं परिजनों को स्वच्छता के संदेश में बताया गया कि जिला चिकित्सालय आपका अपना है इसे साफऔर स्वच्छ रखने की हम सब की जिम्मेदारी है कृपया कर यहां वहां ना थूके कृपया अस्पताल के अंदर गंदगी ना करें आप स्वच्छता बनाए रखेंगे तो जल्द से जल्द स्वस्थ होकर अपने घर जाएंगे। संदेश में कमेटी के सचिव विनोद यादव में अपनी बात रखी और कहा हम समय-समय पर मरीज एवं परिजनों के बीच में उपस्थित होते हैं उपस्थित होने का मकसद यह है कि आप अपने आसपास गंदगी ना होने दे साफ सफाई पर ध्यान दें। जिला चिकित्सालय को गंघा ना करें। गंदगी से भी बीमारियां फैलती है। साथ ही कमेटी के अन्य पदाधिकारी और अपने अपने विचार रखें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संगठन के साथ वार्डो का भ्रमण किया एवं मरीज से मिलकर के उनकी समस्याओं को सुना और जो कुछ कमियां कमेटी ने अधिकारी के समक्ष रखी उसे जल्द से जल्द ठीक करने के लिए आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंकज दुबे, कमेटी के अध्यक्ष असलम बाबा, सचिव विनोद यादव, उपाध्यक्ष ताम सिंह बघेल, कोषाध्यक्ष शंकर लाल डेहरिया, युसूफखान, अशोक अकेला एवं वार्ड के स्टाफ अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अमानक उर्वरकों के विरुद्ध कार्रवाई जारी..

**डीएपी के अवैध भंडारण एवं बिक्री मामले में दो पर एफआईआर**

**जगप्रेरणा सिवनी।**
कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने तथा अमानक एवं अवैध कृषि सामग्री के विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा निरंतर निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में लखनादौन थाना क्षेत्र में अमानक स्तर के डीएपी उर्वरक के अवैध भंडारण एवं विक्रय के मामले में दो व्यक्तियों के विरुद्ध एफ्आईआर दर्ज की गई है। कृषि विभाग की शिकायत पर राजकुमार उइके एवं राजा पटेल के विरुद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की संबंधित धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

कृषि विभाग की टीम ने 20 जून 2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर राजा पटेल के निवास पर जांच की थी। निरीक्षण के दौरान राजकुमार उइके वाहन में डीएपी उर्वरक लोड करते हुए पाया गया। मौके पर उर्वरक खरीदने पहुंचे किसानों ने बताया कि डीएपी उर्वरक 2,000 रुपये प्रति बोरी की दर से बेचा जा रहा था तथा पूर्व में भी इसी प्रकार की बिक्री की गई थी।

जांच के दौरान आरोपी डीएपी उर्वरक के क्रय-विक्रय से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। संदेह के आधार पर कृषि विभाग ने उर्वरक के नमूने लेकर सामग्री जब्त की तथा परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा।

इंदौर स्थित उर्वरक परीक्षण प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में डीएपी उर्वरक का नमूना गंभीर श्रेणी का अमानक पाया गया। इसके आधार पर कृषि विभाग की अनुशंसा पर लखनादौन थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## उत्तर वन मंडल सिवनी में दो वन आरक्षकों को मिली पदोन्नति, बने वनपाल..



**जगप्रेरणा लखनादौन।**
उत्तर वन मंडल सिवनी के शिकारा वन परीक्षेत्र में पदस्थ दो वन आरक्षकों ममता नेताम एवं मुकेश तिवारी को पदोन्नत कर वनपाल बनाया गया।

पदोन्नति आदेश के उपरांत अपर वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह ने दोनों अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वन परीक्षेत्र अधिकारी एस. बघेल सहित वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वन विभाग के अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों नवपदोन्नत वनपाल अपनी नई जिम्मेदारियों का निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए वन एवं वन्यजीव संरक्षण के कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे। पदोन्नति से विभागीय कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण है तथा सहकर्मियों ने ममता नेताम एवं मुकेश तिवारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद 7898530101

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डालडा फैक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# तिरोड़ी ग्राम पंचायत में नशा मुक्ति को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**जगप्रेरणा कटंगी।**

***नालसा नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट प्राणेश कुमार प्राण और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में शनिवार को***




तिरोड़ी ग्राम पंचायत भवन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यवहार न्यायालय कटंगी की न्यायिक मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति सुश्री शबाना खान ने की। कार्यक्रम नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। शुरुआत में सुश्री शबाना खान ने माँ सरस्वती के छायाचित्र का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर थाना तिरोड़ी के थाना प्रभारी, ग्राम पंचायत तिरोड़ी के सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री शबाना खान ने अपने संबोधन में कहा कि नशा एक घातक बीमारी है जो व्यक्ति के तन, मन और धन तीनों को नष्ट कर देती है। यह सिर्फएक व्यक्ति को नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर देती है। शुरुआत में लोग इसे शौक या दोस्तों के दबाव में अपनाते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह उनकी मजबूरी बन जाती है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में शराब, गुटखा, स्मैक और ड्रग्स जैसे मादक पदार्थों का सेवन तेजी से बढ़ रहा है। नशे की लत के कारण इंसान सही-गलत का फर्क भूल जाता है, जिससे आपराधिक घटनाओं में वृद्धि होती है और समाज का माहौल दूषित होता है। किसी भी देश का भविष्य उसके युवा हैं। अगर हमारे देश के युवा नशे की गिरफ्त में आ गए तो राष्ट्र का विकास कैसे होगा? इसलिए हमें इस समस्या के खिलाफएकजुट होकर खड़ा होना होगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि नशा मुक्ति के लिए जागरूकता सबसे जरूरी है। हमें अपने परिवार, दोस्तों और आसपास के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताना होगा। जो लोग नशे की लत में फंसे हैं उनसे नफरत न करके उन्हें सही मार्गदर्शन और इलाज के लिए नशा मुक्ति केंद्र तक पहुंचाने में मदद करें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को यह शपथ दिलाई गई कि न तो हम खुद कभी नशे का सेवन करेंगे और न ही किसी और को करने देंगे। हम अपने देश और समाज को नशा-मुक्त बनाने में पूरा योगदान देंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यायालयीन कर्मचारी समीर बिसेन, हितेन्द्र कुमार गढ़पाल, मुरलीधर गौतम, सनूप उईके, देवेन्द्र ठाकरे, कोर्ट मोहर्रिर छत्रपाल बघेल, सना खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस दौरान ग्राम पंचायत के सभी पंचगण एवं ग्रामीण जन के साथ पुलिस स्टाफभी उपस्थित रहा।

# पहली बारिश में रामपायली पूल की पहली परत निकली..

**जगप्रेरणा रामपायली।**

***पहली ही बारिश में करोड़ों का पुल सवालों के घेरे में! बिठली - रामपायली पुल की उखड़ने लगी सतह, जलभराव ने खोली निर्माण गुणवत्ता की पोल विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।***



करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित बिठली - रामपायली पुल पहली ही बारिश की मार पूरी तरह नहीं झेल सका। पुल की ऊपरी सतह कई स्थानों पर उखड़ती दिखाई दे रही है, जबकि पुल पर जलभराव की स्थिति भी बनी हुई है। इस घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों के पालन और निर्माण की निगरानी व्यवस्था को लेकर स्थानीय लोगों के बीच गहरी चिंता पैदा कर दी है।

स्थानीय युवा नेता रजनीश नकासे का कहना है कि किसी भी नए पुल से यह अपेक्षा की जाती है कि वह वर्षों तक बिना किसी बड़ी समस्या के जनता को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराए। लेकिन जब नया पुल पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त होने के संकेत देने लगे, तो स्वाभाविक रूप से निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठना तय है। पुल की सतह का उखड़ना और उस पर पानी जमा होना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि मामले की तकनीकी जांच आवश्यक है।

बारिश के दौरान पुल पर पानी भर जाने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक सुधार नहीं किया गया, तो लगातार बारिश के कारण पुल की सतह को और अधिक नुकसान पहुंच सकता है। जलभराव के कारण फिसलन बढ़ने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है।

विशेषज्ञ मानते हैं कि किसी भी आधुनिक पुल का निर्माण इस प्रकार किया जाता है कि वर्षा का पानी तुरंत बाहर निकल जाए। यदि पुल पर पानी रुक रहा है और साथ ही उसकी ऊपरी परत भी उखड़ रही है, तो इसकी तकनीकी जांच कर यह पता लगाया जाना चाहिए कि कहीं निर्माण सामग्री, कार्य निष्पादन या जल निकासी व्यवस्था में कोई कमी तो नहीं रह गई।

जिला किसान संगठन अध्यक्ष कुंज बिहारी दुबे का कहना है कि विकास कार्यों पर खर्च होने वाला प्रत्येक रुपया जनता के टैक्स का पैसा है। इसलिए निर्माण कार्य केवल समय पर पूरा होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी उच्च स्तर की होनी चाहिए। लोगों का कहना है कि यदि करोड़ों रुपये की लागत से बने निर्माण पहली ही बारिश में प्रभावित होने लगें, तो इससे शासन की विकास योजनाओं पर जनता का भरोसा भी प्रभावित होता है। नगर और क्षेत्रवासियों ने शासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि पूरे मामले की स्वतंत्र और उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए। जांच में यह स्पष्ट किया जाए कि पुल की सतह उखड़ने और जलभराव की वास्तविक वजह क्या है।

यदि जांच में निर्माण एजेंसी, तकनीकी अधिकारियों या किसी अन्य स्तर पर लापरवाही अथवा गुणवत्ता मानकों की अनदेखी सामने आती है, तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही पुल की तत्काल मरम्मत कर उसकी गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे।

यह मामला केवल एक पुल का नहीं, बल्कि देशभर में करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाले सार्वजनिक निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही से भी जुड़ा हुआ है। विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब निर्माण कार्य लंबे समय तक सुरक्षित, टिकाऊ और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप साबित हों। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि संबंधित विभाग इस मामले को कितनी गंभीरता से लेते हैं और जनता के सामने क्या तथ्य प्रस्तुत करते हैं।

# सोलर पंप से बदली किसान रामप्रसाद की जिंदगी, सिंचाई बनी आसान..

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***कहते हैं कि खेती में समय पर पानी मिल जाए तो किसान की आधी चिंता अपने आप दूर हो जाती है। वारासिवनी तहसील के ग्राम डोके के किसान रामप्रसाद बिसेन के लिए भी अब यही हकीकत बन गई है। कभी बिजली कटौती और बढ़ते बिजली***





बिल से परेशान रहने वाले रामप्रसाद आज कुसुम-बी योजना के तहत लगाए गए सोलर पंप की बदौलत निश्चिंत होकर खेती कर रहे हैं। रामप्रसाद बिसेन अपने चार एकड़ खेत में वर्षों से धान की खेती करते आ रहे हैं। धान की फसल लेने के बाद वे रबी सीजन में भी विभिन्न फसलें उगाते हैं। खेत में पहले से ट्यूबवेल और बिजली का पंप तो था, लेकिन सिंचाई हमेशा बिजली पर निर्भर रहती थी।

बिजली का बिल लगातार बढ़ता जा रहा था और निर्धारित समय पर ही बिजली मिलने से फसलों को समय पर पानी देना मुश्किल हो जाता था। कई बार सिंचाई के बीच बिजली चली जाती थी, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिरने का डर बना रहता था।

किसान रामप्रसाद बताते हैं कि पहले रात-दिन बिजली आने का इंतजार करना पड़ता था। जब बिजली मिलती थी, तभी खेत की सिंचाई कर पाते थे। बिजली का भारी बिल अलग से आर्थिक बोझ बन जाता था। ऐसे में खेती करना चुनौती से कम नहीं था। इसी बीच उन्हें प्रधानमंत्री कुसुम-बी योजना की जानकारी मिली। योजना के तहत उन्होंने अपने खेत में 3 हॉर्सपावर क्षमता का सबमर्सिबल सोलर पंप स्थापित कराया। सोलर पंप लगने के बाद उनकी खेती की तस्वीर ही बदल गई।

अब सूरज निकलते ही सिंचाई का काम शुरू हो जाता है। बिजली कटौती की चिंता खत्म हो गई है और बिजली बिल भी शून्य हो गया है। समय पर सिंचाई होने से फसलों की बढ़वार बेहतर हो रही है और उत्पादन बढने् की उम्मीद भी मजबूत हुई है। रामप्रसाद कहते हैं, ÷पहले सिंचाई के लिए बिजली का इंतजार करना पड़ता था और हर महीने भारी बिल भरना पड़ता था। अब सोलर पंप लगने के बाद जब जरूरत होती है, तब खेत में पानी उपलब्ध हो जाता है। इससे समय, मेहनत और पैसे तीनों की बचत हो रही है।÷

कृषि एवं अक्षय ऊर्जा विभाग के अनुसार कुसुम-बी योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। यह योजना किसानों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए सिंचाई की लागत कम करने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। रामप्रसाद बिसेन की सफलता इस बात का उदाहरण है कि सरकारी योजनाओं का सही लाभ उठाकर किसान अपनी आय बढ़ाने के साथ-साथ खेती को आधुनिक और टिकाऊ बना सकते हैं।

## जिले में 20 जुलाई तक 413 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

# वारासिवनी तहसील में सबसे अधिक 565 मिलीमीटर और बिरसा तहसील में सबसे कम 225 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 01 जून से 20 जुलाई 2026 तक कुल 413 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष 2025 में इसी अवधि में 629 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्यी वर्षा 1447 मिलीमीटर है***

और इसमें से 575 मिलीमीटर वर्षा 01 जून से 20 जुलाई 2026 की अवधि में हो जाना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटों के दौरान बालाघाट तहसील में 39 मिमी, वारासिवनी में 31 मिमी, बैहर में 02 मिमी, लांजी में 52 मिमी, कटंगी में 23 मिमी, किरनापुर में 26 मिमी, खैरलांजी में 27 मिमी, लालबर्रा में 56 मिमी, बिरसा में 01 मिमी, परसवाड़ा में 36 मिमी एवं तिरोड़ी तहसील में 03 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

इस प्रकार चालू वर्ष में 01 जून से 20 जुलाई 2026 तक सबसे अधिक 565 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 225 मिलीमीटर वर्षा बिरसा तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 536 मिलीमीटर, बैहर में 453 मिलीमीटर, लांजी में 394 मिलीमीटर, कटंगी में 392 मिलीमीटर, किरनापुर में 535 मिलीमीटर, खैरलांजी में 261 मिलीमीटर, लालबर्रा में 423 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 349 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 415 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 804 मिलीमीटर, वारासिवनी में 1000 मिलीमीटर, बैहर में 764 मिलीमीटर, लांजी में 339 मिलीमीटर, कटंगी में 626 मिलीमीटर, किरनापुर में 567 मिलीमीटर, खैरलांजी में 275 मिलीमीटर, लालबर्रा में 732 मिलीमीटर, बिरसा में 445 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 749 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 613 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

# आदेगांव सेक्टर में प्रस्फुटन समिति की सेक्टर बैठक संपन्न




## 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधारोपण

**जगप्रेरणा लखनादौन।**

विकासखंड लखनादौन के आदेगांव सेक्टर में प्रस्फुटन समिति की सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

बैठक में जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी ने प्रस्फुटन समितियों का परिचय देते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जनभागीदारी के माध्यम से ग्राम विकास के विभिन्न कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। साथ ही जन सूचना नर्सरी के पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान करते हुए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण के उपाय बताए।

बैठक में आदेगांव, जोबा, पतलोन एवं जमुआ की प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। नवांकुर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र डहरिया सहित विकासखंड समन्वयक लखनादौन श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव एवं स्थानीय ग्रामीण कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा ग्राम विकास एवं सामाजिक सहभागिता को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया

# भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी की भव्य रथयात्रा का आयोजन 22 को

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) सिवनी द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा महारानी की भव्य रथयात्रा का आयोजन 22 जुलाई 2026, बुधवार को किया जा रहा है।***

यह भव्य आध्यात्मिक आयोजन नगरवासियों एवं कृष्ण भक्तों के सहयोग से उत्साहपूर्वक संपन्न होगा। रथयात्रा का शुभारंभ दोपहर 1:00 बजे छिंदवाड़ा चौक, सिवनी से होगा। भगवान श्री जगन्नाथ के सुसज्जित रथ के साथ श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं नृत्य करते हुए नगर भ्रमण करेंगे। रथयात्रा के दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था रहेगी, जिससे अधिक से अधिक लोग भगवान जगन्नाथ के महाप्रसाद का लाभ प्राप्त कर सकें।

रथयात्रा के समापन स्थल राशि लान पर श्रद्धालुओं के लिए विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया है। इस्कॉन सिवनी ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों सहित इस ऐतिहासिक एवं भव्य रथयात्रा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें तथा आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# नवीन लेखा प्रशिक्षण सत्र के लिये आवेदन की अंतिम तिथि बढाई गई

## 24 जुलाई तक किये जा सकते है आवेदन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर द्वारा जबलपुर संभाग के शासकीय कार्यालयों में कार्यरत लिपिक वर्गीय कर्मचारियों से नवीन प्रशिक्षण सत्र के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई से बढाकर 24 जुलाई 2026 कर दी गई है।***

इस प्रशिक्षण में शामिल होने के इच्छुक शासकीय सेवक 24 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। लेखा प्रशिक्षण शाला में लेखा प्रशिक्षण का नया सत्र 1 अगस्त से प्रारंभ होगा और यह 31 अक्टूबर तक संचालित होगा।

प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर संभाग के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत ऐसे नियमित लिपिक वर्गीय कर्मचारी, जो शासन द्वारा निर्धारित अर्हताओं को पूरा करते हैं, वे प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया ÷पहले आओ, पहले पाओ÷ के आधार पर की जाएगी।

प्रशिक्षण हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 24 जुलाई को शाम 6 बजे तक शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, जबलपुर में जमा किए जा सकेंगे। मध्यप्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए यह प्रशिक्षण निःशुल्क रहेगा। वहीं, स्थानीय निकायों एवं अर्धशासकीय संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए 5 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसे चयन उपरांत प्रवेश के समय जमा करना होगा।

शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला के प्राचार्य ने संबंधित विभागों एवं कार्यालयों से अधिकाधिक पात्र कर्मचारियों तक इस सूचना का प्रचार-प्रसार करने का अनुरोध किया है, ताकि वे प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए संस्थान के प्राचार्य श्री शरद कुमार मेरावी मो.नं. 9424774371, व्याख्याता राकेश कुमार चौधरी मो.नं. 9424926534 एवं लेखा परीक्षण अधिकारी श्रीमती नेहा सोरी मो.नं. 7587526849 से सम्पर्क किया जा सकता है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# 'आप सरकार के आर्म ट्विस्ट नहीं कर सकते', NEET पेपर लीक और राम मंदिर चंदा घोटाले को लेकर CJP पर बरसीं कंगना रनौत..



डेस्क जगप्रेरणा।

*संसद के मानसून सत्र की शुरुआत होते ही विपक्षी दलों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने नीट-यूजी 2026 परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं*

और अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में दान किए गए चंदे में कथित गबन के मामलों को लेकर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही की शुरुआत में छह पूर्व सांसदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद हंगामा कर रहे सांसदों से शांत रहने की अपील की। अध्यक्ष ने बार-बार सदस्यों से अपनी सीटों पर बैठने और सदन चलाने में सहयोग करने का आग्रह किया, लेकिन शोर-शराबा थमता न देख उन्होंने सदन की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी नेताओं ने पहले ही साफकर दिया था कि वे इन दोनों संवेदनशील मुद्दों पर संसद में तुरंत चर्चा की मांग पर अड़े रहेंगे।

### कंगना रनौत का विपक्ष पर तीखा हमला..

संसद के भीतर और बाहर जारी इस घमासान के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने विपक्षी दलों के विरोध-प्रदर्शन पर कड़ा ऐतराज जताया है। उन्होंने विपक्ष के तौर-तरीकों की आलोचना करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को इस तरह से झुकाया नहीं जा सकता। कंगना ने साफशब्दों में कहा कि विपक्ष सरकार को इस बात के लिए मजबूर या ब्लैकमेल नहीं कर सकता कि किसे पद पर बनाए रखना है और किसे हटाना है। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार के पास यह तय करने का पूरा अधिकार है कि शासन व्यवस्था कैसे चलाई जाए। विपक्ष की मांग पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने आगे कहा कि अगर उन्हें सरकार चलाने का इतना ही शौक है, तो उन्हें खुद चुनाव लड़कर सत्ता में आना चाहिए।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर अड़ा विपक्ष..

गौरतलब है कि विपक्ष नीट परीक्षा विवाद को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग पर अड़ा हुआ है, जिसके विरोध में विपक्षी गठबंधन की ओर से लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी गतिरोध पर बोलते हुए कंगना रनौत ने कहा कि संसद देश और जनता से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा और बहस करने का सबसे सही मंच है। संसदीय सत्र का मुख्य उद्देश्य ही यही होता है कि विपक्ष जनहित के सवाल उठाए और सरकार को हर विषय पर जवाबदेह बनाए। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष भी यही चाहता है कि सत्र सुचारू रूप से चले और विपक्ष अपने सभी सवाल सदन के भीतर उठाए। लेकिन चर्चा करने के बजाय संसद परिसर और सदन के भीतर हंगामा खड़ा करना और अराजकता का माहौल बनाना किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता।

### सत्र के पहले ही दिन आर-पार के मूड में दिखे दोनों पक्ष..

मानसून सत्र के पहले दिन की शुरुआत ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक और गतिरोध के साथ हुई। एक तरफजहां कांग्रेस और सहयोगी दल नीट परीक्षा के आयोजन में हुई धांधली और राम मंदिर के नाम पर हुए कथित चंदा घोटाले के आरोपों को लेकर सरकार को पूरी तरह घेरने की रणनीति बना चुके हैं, वहीं दूसरी तरफबीजेपी के सांसद और मंत्री विपक्ष के इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताकर पलटवार कर रहे हैं। सदन के भीतर समय से पहले हुए स्थगन और संसद परिसर के बाहर नेताओं के बीच हुए जुबानी बाणों से यह साफहो गया है कि आने वाले दिनों में भी इन मुद्दों पर संसद का तापमान बेहद गर्म रहने वाला है।

# नागपुर में कैटरिंग का काम खत्म कर घर लौट रहे लोगों पर लुटेरों ने किया जानलेवा हमला, ऑटो चालक की हत्या, 6 आरोपी गिरफ्तार..



डेस्क जगप्रेरणा।

*महाराष्ट्र के नागपुर जिले से अपराध की हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। यहां कैटरिंग का काम खत्म कर के घर लौट रहे लोगों पर जानलेवा हमला किया गया है। इस हमले में ऑटो चालक की हत्या कर दी गई है।*

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने एक्शन लिया और कुछ ही घंटे में मामले से जुड़े 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना इलाके में सनसनी फैला दी है और कानून-व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

### क्या है पूरा मामला?

सामने आई जानकारी के अनुसार, नागपुर के मनकापुर थाना क्षेत्र के गोरेवाडा पीटेसूर रोड पर बीती रात दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। लुटेरों ने एक के बाद एक लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। लुटेरों द्वारा कैटरिंग का काम निपटाकर घर लौट रहे एक ऑटो को रोका गया। इस दौरान लूट के इरादे से महिला और पुरुष के साथ मारपीट कर गई। इसके साथ ही विरोध करने पर निरपराध ऑटो चालक को मौत के घाट उतार दिया गया। इस वारदात में दो लोग बुरी तरीके से जख्मी हुए।

### मारपीट और पैसे छीनकर फरार हुए आरोपी..

घटना के बारे में प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोरेवाडा रोड पर हनुमान मंदिर की तरफ जाने वाली टी पॉइंट के पास बाइक सवार लुटेरों ने ऑटो रोका और उन्हें मारना शुरू कर दिया। आरोपियों ने उनके जेब में रखें सभी पैसे निकाल लिए और वहां से फरार हो गए।

हालांकि, इस घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आपको बता दें कि महाराष्ट्र के ठाणे से भी अपराध की भयानक वारदात सामने आई है। ठाणे में एक युवती ने अपने प्रेमी की बेरहमी से हत्या कर दी है। युवती ने सबूत मिटाने के लिए प्रेमी के शव को 24 घंटे के लिए पानी में रख दिया था जिससे वह सड़ जाए।

### स्विगी डिलीवरी बॉय से भी लूट..

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस घटना में मृतक शख्स की पहचान मोमिनपुरा निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद काशिद के रूप में हुई है। पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि काशीद पर हमला करने से महज कुछ मिनट पहले इसी गिरोह ने इसी रोड पर एक स्विगी डिलीवरी बॉय निखिल चौधरी को भी अपना निशाना बनाया था। आरोपियों ने निखिल के साथ मारपीट कर उसकी जेब से 1000 रुपये लूट लिए थे। जानकारी के अनुसार, इन लुटेरों के हौसले इतने बुलंद हो गए थे कि वह लगातार राहगीरों को अपना शिकार बना रहे थे।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# डायरिया रोको अभियान..

## पीएचई विभाग ने बताया गांवों के हैंडपंपों को सुधारकर किया क्लोरीनीकरण..





जगप्रेरणा लांजी।

*बारिश के मौसम में डायरिया और अन्य जलजनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग ने लांजी विकासखंड में विशेष अभियान तेज कर दिया है।*

'डायरिया रोको अभियान' के तहत सोमवार को विभागीय टीमों ने ग्राम देवलगांव, कारंजा और बापड़ी पहुंचकर पेयजल स्रोतों का निरीक्षण किया। इस दौरान खराब पड़े हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत कर उन्हें पुनः चालू कराया गया तथा सभी हैंडपंपों में जर्मेक्स डालकर क्लोरीनीकरण किया गया, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। कार्यपालन यंत्री बी.एल. उईके ने बताया कि वर्षा ऋतु में दूषित पेयजल के कारण डायरिया, उल्टी-दस्त, टाइफाइड और अन्य जलजनित रोगों का खतरा बढ़ जाता है।

इसे ध्यान में रखते हुए पीएचई विभाग की टीमों को गांव-गांव भेजकर पेयजल स्रोतों की जांच कराई जा रही है। जहां भी हैंडपंप खराब मिले, उन्हें मौके पर ही सुधारकर चालू कराया गया, वहीं क्लोरीनीकरण के माध्यम से पानी में मौजूद हानिकारक जीवाणुओं को नष्ट करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अभियान केवल हैंडपंपों की मरम्मत तक सीमित नहीं है, बल्कि पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता पर भी लगातार निगरानी रखी जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर जल नमूनों की जांच भी कराई जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार के संक्रमण की स्थिति बनने से पहले आवश्यक कदम उठाए जा सकें। पीएचई विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे पीने के पानी को हमेशा साफ बर्तन में ढककर रखें, संभव हो तो पानी को उबालकर अथवा छानकर ही उपयोग करें। घरों के आसपास जलभराव न होने दें, शौच के बाद तथा भोजन बनाने और खाने से पहले साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाएं।

यदि किसी हैंडपंप का पानी गंदा दिखाई दे, बदबू आए या गांव में उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़े तो इसकी सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग अथवा पीएचई विभाग को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पीएचई विभाग ने स्पष्ट किया है कि डायरिया रोको अभियान के दौरान लांजी विकासखंड सहित पूरे जिले में पेयजल स्रोतों का नियमित निरीक्षण, क्लोरीनीकरण तथा आवश्यक मरम्मत कार्य लगातार जारी रहेगा, जिससे वर्षा ऋतु में जलजनित बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

# समुद्र में पलट गई 133 यात्रियों को ले जा रही नाव, अब तक 67 लोगों को बचाया गया..



डेस्क जगप्रेरणा।

*दक्षिण अमेरिकी देश गुयाना से दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहां 133 लोगों को ले जा रही नाव/फेरी समुद्र में पलट गई जिसके बाद हाहाकार मच गया है। अधिकारियों ने इस हादसे की जानकारी दी है और कहा है कि अब तक 67 लोगों को बचा लिया गया। अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालांकि, ये साफनहीं हो पाया है कि इस हादसे में अब तक कितने लोगों की जान गई है।*

### कहां जा रही थी नाव?

गुयाना के प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार, जो नाव पलटी उसका नाम 'एमवी बारिमा' था। ये नाव राजधानी जॉर्जटाउन से उत्तरी अटलांटिक तट के रास्ते पोर्ट कैतूमा जा रही थी। इस दौरान ये नाव पोमेरून नदी के निकट पलट गई। पीएम फिलिप्स ने जानकारी दी है कि हादसे के बाद चलाए गए खोज और बचाव अभियान में जिन 67 लोगों को बचाया गया है उनमें 15 बच्चे शामिल हैं।

### पीएम कर रहे रेस्क्यू अभियान..

गुयाना के मंत्री जुआन एडघिल ने 'फेसबुक' पर जानकारी दी है कि नाव के पलटने की सूचना स्थानीय समयानुसार रात 11 बजकर एक मिनट पर मिली था। हादसे की खबर मिलते ही सरकारी और निजी नौकाओं की मदद से मौके पर सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि रेस्क्यू अभियान में और यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया जाएगा। प्रधानमंत्री मार्क फिलिप्स सरकार की तरफ से राहत एवं बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं।

### वियतनाम में भी हुआ था हादसा..

आपको बता दें कि गुयाना में हुए इस हादसे से कुछ ही दिन पहले एशियाई देश वियतनाम में भी बड़ा हादसा देखने को मिला था। वियतनाम के फुक्कोक आइलैंड के पास कई भारतीय यात्रियों को ले जा रही एक नाव पलट गई थी। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हुई थी। ये नाव न्गोई से करीब 400 मीटर की दूरी पर समुद्र में पलट गई। इस कारण से नाव में सवार सभी लोग समुद्र में गिर गए। जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार हुई नाव में कुल 36 लोग सवार थे। इनमें 32 पर्यटक और चार क्रू मेंबर थे। हादसे में 15 लोगों की मौत हुई है, जबकि 21 लोगों को बचा लिया गया।




# नशे से दूरी है जरूरी अभियान

## बाल भाऊ देवरस विद्यालय में पुलिस ने बताए नशे के दुष्परिणाम..




जगप्रेरणा लांजी।

*नशा आज समाज के साथ-साथ हमारी युवा पीढ़ी और स्कूली बच्चों के भविष्य को भी अंधकार में धकेल रहा है। इसी गंभीर विषय को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे*

जागरूकता अभियान के तहत विद्या भारती बालभाऊ देवरस सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी विद्यालय कारंजा (थाना लांजी) में एक विशेष नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लांजी थाना प्रभारी (टीआई) मुकेश दुबोलिया ने स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति विस्तार से जागरूक किया।

उन्होंने बच्चों को समझाया कि जीवन में सफलता पाने के लिए नशे से दूरी बनाना बेहद जरूरी है। टीआई दुबोलिया ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं तो नशे से दूर रहें ही, साथ ही अपने आसपास और परिवार में भी यदि कोई इस लत का शिकार है, तो उसे इससे मुक्त कराने का प्रयास करें। इस बेहद महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक कार्यक्रम के दौरान लांजी थाने के पुलिस स्टाफ के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार ने लांजी पुलिस की इस अनूठी पहल की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी बच्चों और स्टाफ ने नशे से हमेशा दूर रहने और एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

# यूक्रेन का रूस पर बड़ा ड्रोन हमला, गोदाम और तेल डिपो निशाने पर; 9 की मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

रूस और यूक्रेन के बीच पिछले साढ़े चार साल से जारी जंग थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच यूक्रेन ने रूस के भीतर एक बड़ा ड्रोन हमला करते हुए मॉस्को के पास स्थित दो बड़े गोदामों और एक तेल डिपो को निशाना बनाया। रूसी अधिकारियों के मुताबिक इन हमलों में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 60 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। इन हमलों के बाद कई जगहों पर भीषण आग लग गई। इसके बाद आसपास के इलाकों को एहतियातन खाली करा लिया गया।

### दो बड़े लॉजिस्टिक गोदाम बने निशाना..

रूस के अधिकारियों ने बताया कि यूक्रेन के ड्रोन ने प्रमुख ऑनलाइन रिटेल कंपनी वाइल्डबेरीज के दो बड़े गोदामों को निशाना बनाया। इनमें एक तांबोव क्षेत्र के कोतोव्स्क और दूसरा मॉस्को से करीब 50 किलोमीटर दूर इलेक्ट्रोस्टाल शहर में स्थित है। इसके अलावा नोगिंस्क स्थित एक तेल डिपो पर भी ड्रोन से हमला हुआ। हमले के बाद वहां आग लग गई और आसपास के अस्पताल व रिहायशी इमारतों को खाली कराना पड़ा।

### गोदाम में काम कर रहे सात कर्मचारियों की मौत

तांबोव क्षेत्र के गवर्नर ने बताया कि कोतोव्स्क स्थित गोदाम पर हुए हमले सात कर्मचारियों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। जिस वक्त यह हमला हुआ उस वक्त नाइट शिफ्ट के कर्मचारी वहां काम कर रहे थे। वहीं मॉस्को रीजन में अलग-अलग हमलों में 37 लोग घायल हुए। बेलगोरोद रीजन में हुए एक अन्य ड्रोन हमले में भी एक व्यक्ति की मौत और एक अन्य के घायल होने की पुष्टि हुई है।

### महत्वपूर्ण सैन्य रसद ठिकानों को बनाया निशाना-जेलेंस्की..

इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की का बयान सामने आया। उन्होंने कहा कि हमलों में मॉस्को और तांबोव क्षेत्रों के उन महत्वपूर्ण रसद प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया, जहां ड्रोन और नौवहन उपकरणों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले प्रतिबंधित कलपुर्जों की आपूर्ति की जाती थी। उन्होंने तेल प्रतिष्ठान और रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों में भी हमले किए जाने का दावा किया।

### रूस ने 379 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराने का दावा किया..

रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने रातभर में रूस के 19 क्षेत्रों के अलावा क्रीमिया, आज़ोव सागर और काला सागर के ऊपर कुल 379 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। हालांकि, इसके बावजूद कई ड्रोन अपने लक्ष्यों तक पहुंचने में सफल रहे, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। वहीं रूस से जंग के बीच यूक्रेन के प्रधानमंत्री को बदल दिया गया है। सेरही कोरेत्स्की गुरुवार को देश का नया प्रधानमंत्री बनाया गया है। वह पीएम के पद पर यूलिया स्विरीडेंको की जगह लेने वाले हैं जिन्होंने 2025 से जुलाई 2026 तक इस पद पर सेवा की।

# नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने परीक्षा में कम अंक आने के बाद खुदकुशी की..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*हमीरपुर जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही 20 वर्षीय छात्रा ने कथित तौर पर जहर खाकर खुदकुशी कर ली। छात्रा के परिवार का दावा है कि नीट परीक्षा में अपेक्षित अंक न मिलने के कारण वह तनाव में थी।*

पुलिस सूत्रों के अनुसार राठ कस्बे के दीवानपुरा इलाके की रहने वाली श्रुति साहू ने कथित तौर पर शनिवार देर रात कीटनाशक खा लिया। उन्होंने बताया कि श्रुति को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और

बाद में हालत गंभीर होने पर उरई के राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिवार को सौंप दिया गया है। श्रुति के पिता महेंद्र पाल साहू ने बताया कि उनकी बेटी कानपुर में रहकर नीट की तैयारी कर रही थी और करीब दो महीने पहले ही घर लौटी थी। उन्होंने कहा कि श्रुति एक होनहार छात्रा थी और उसने परीक्षा के लिए कड़ी मेहनत की थी, लेकिन नीट में आवश्यक अर्हता अंक न मिलने से वह परेशान थी और इसी से क्षुब्ध होकर उसने आत्मघाती कदम उठाया।

पिछले महीने, गाजियाबाद में भी नीट की तैयारी कर रहे 22 वर्षीय एक छात्र ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। इसी तरह एक अन्य मामले में, लखनऊ में नीट की तैयारी कर रही 17 वर्षीय छात्रा अपने फंदे से लटकी हुई मिली थी। उसके परिजन ने पुलिस को बताया था कि प्रश्न पत्र लीक के आरोपों के बीच तीन मई को हुई नीट-यूजी रद्द होने के बाद से वह अवसाद में थी।



जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## स्पेन की जीत के जश्न में मंच पर डटे रहे डोनाल्ड ट्रंप, अधिकारियों ने जबरन हटाया..

डेस्क जगप्रेरणा।

*स्पेन के फुटबॉल विश्व कप जीतने के बाद जब न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में ट्रॉफी देने का कार्यक्रम चल रहा था, उस वक्त अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खूब सुर्खियां बटोरी। स्पेन ने अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार वर्ल्ड कप अपने नाम किया था।*



इस जीत के बाद ट्रंप फीफा के अध्यक्ष जियानी इनफैनटिनो के साथ खिलाड़ियों को ट्रॉफी देने मैदान पर आए। डोनाल्ड ट्रंप ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान जबरदस्ती स्टेज पर जमे रहे, जिससे स्पेनिश टीम का विनिंग सेलिब्रेशन का मजा किरकिरा हो गया।

### ट्रंप और इनफैनटिनो ने प्लेयर्स और सपोर्ट स्टाफ को पहनाए मेडल..

फीफा के अध्यक्ष जियानी इनफैनटिनो ने पहले ही पहले ही इस बात का ऐलान कर दिया था कि डोनाल्ड ट्रंप विजेता टीम के कप्तान रोड्री को वर्ल्ड कप ट्रॉफी देंगे। जैसे ही ट्रंप और इनफैनटिनो मैदान पर आए, स्टेडियम में मौजूद कुछ दर्शकों ने ट्रंप का विरोध करते हुए हूटिंग करना शुरू कर दिया। हालांकि, जब खिलाड़ियों को मेडल देने का सिलसिला शुरू हुआ, उसके बाद माहौल शांत हो गया। ट्रंप और इनफैनटिनो ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों और उनके स्टाफ को मेडल पहनाए। इसके बाद ट्रंप ने स्पेन के कप्तान रोड्री के हाथों में वर्ल्ड कप की ट्रॉफी सौंप दी।

### विक्ट्री सेलिब्रेशन के दौरान मंच पर ही खड़े रहे डोनाल्ड ट्रंप..

ट्रॉफी लेने के बाद कप्तान रोड्री अपने बाकी साथियों के साथ जश्न मनाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप वहीं खिलाड़ियों के बीच में ही खड़े रह गए। कुछ देर बाद वहां मौजूद अधिकारियों ने उन्हें इशारा करके मंच से हटने के लिए कहा। अधिकारियों के कहने पर वह पीछे हट गए, जिसके बाद स्पेनिश खिलाड़ियों ने ट्रॉफी उठाकर अपनी जीत का जश्न मनाया। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। इंटरनेट पर कई लोग इस वीडियो पर मजेदार कमेंट्स कर रहे हैं, तो कुछ का मानना है कि ट्रंप ने ऐसा करके प्रोटोकॉल तोड़ा है।

### क्लब वर्ल्ड कप के दौरान भी ट्रंप ने की थी ऐसी हरकत..

इस घटना की तुलना इसी साल हुए फीफा क्लब वर्ल्ड कप के फाइनल से भी की जा रही है। उस मैच के बाद जब डोनाल्ड ट्रंप ने चेल्सी टीम को ट्रॉफी दी थी, तब भी वह खिलाड़ियों के साथ मंच पर ही खड़े रह गए थे। हालांकि, इस बार वर्ल्ड कप के ऑफिशियल सेरेमनी में उन्हें खिलाड़ियों के ट्रॉफी उठाने से पहले ही मंच से हटना पड़ा। मैच की बात करें तो स्पेन ने अतिरिक्त समय में फेरान टोरेस के 106वें मिनट के गोल की बदौलत अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरा फीफा विश्व कप खिताब अपने नाम किया।

## MS Dhoni की लाडली जीवा संग मस्ती में लगीं कृति सेनन, भारत-इंग्लैंड मैच के दौरान क्यूट बॉन्डिंग ने लूटी लाइमलाइट..

डेस्क जगप्रेरणा।

*लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन और पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की बेटी जीवा धोनी के बीच एक बेहद खूबसूरत पल देखने को मिला।*



इस मैच के दौरान स्टैंड्स से कृति और जीवा की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। इन क्लिपों में 35 वर्षीय अभिनेत्री और 11 साल की जीवा मैच का लुत्फउठाते हुए आपस में हंसकर बातें करती और एक-दूसरे के साथ खुशनुमा वक्त बिताती नजर आ रही हैं।

फैंस को दोनों के बीच की यह सहज बॉन्डिंग बेहद पसंद आ रही है, जिसके चलते मैच के साथ-साथ इन दोनों की बातचीत भी इंटरनेट पर चर्चा का मुख्य विषय बन गई है।

### साधारण लुक और सितारों से सजी महफिल..

स्टेडियम के स्टैंड्स में जब कृति और जीवा एक-दूसरे के साथ बातचीत में मशगूल थीं, तब उनका लुक भी काफी चर्चा में रहा। कृति सेनन इस दौरान ऑल-ब्लैक आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं, जबकि जीवा धोनी पैंट-सूट पहने हुए एक ग्रेसफुल अंदाज में नजर आईं। बता दें कि जीवा, महेंद्र सिंह धोनी और साक्षी धोनी की बेटी हैं और वे देश के सबसे लोकप्रिय स्टार किड्स में से एक हैं। अक्सर अपने माता-पिता के साथ सार्वजनिक जगहों पर दिखने वाली जीवा की सादगी फैंस को हमेशा अपनी ओर आकर्षित करती है।

### कबीर बहिया संग कृति की नजदीकियों की चर्चा..

लॉर्ड्स के इस मैच में कृति सेनन अपने कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ स्टेडियम पहुंची थीं। हालांकि कैमरों का पूरा ध्यान जीवा के साथ उनकी बातचीत पर टिक गया, लेकिन कबीर के साथ उनकी मौजूदगी ने एक बार फिर उनके रिलेशनशिप की खबरों को हवा दे दी है। इससे पहले भी कृति और कबीर बहिया को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में खेले गए भारत बनाम इंग्लैंड वनडे मैच के दौरान एक साथ देखा गया था।

उस मैच से भी दोनों की स्टैंड्स में बैठी तस्वीरें काफी वायरल हुई थीं। पिछले कुछ समय से कृति सेनन की निजी जिंदगी और उनकी शादी को लेकर मीडिया और सोशल मीडिया पर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। ऐसे में कबीर बहिया के साथ लगातार दो मैचों में उनकी बैक-टू-बैक मौजूदगी ने इन कयासों और फैंस की उत्सुकता को काफी बढ़ा दिया है।

## सिंधू करेंगी चीन ओपन में भारतीय अभियान की अगुवाई, सात्विक-चिराग चोट के चलते बाहर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*जापान ओपन का खिताब जीतकर शानदार लय में लौटी भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू मंगलवार से शुरू हो रहे चीन ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी*



लेकिन पुरुष युगल की शीर्ष जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी कंधे की चोट से उबर रहे सात्विक के कारण इस प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेगी। भारतीय टीम बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर पर पिछले सप्ताह के शानदार प्रदर्शन की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। सिंधू लगभग दो वर्ष बाद जापान ओपन का खिताब जीतकर बेहतरीन लय में चीन पहुंची हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने जापान ओपन में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन जापान की अकाने यामागुची को हराया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में अपने सभी मुकाबले सीधे गेमों में जीतकर खिताब अपने नाम किया।

सिंधू अपने अभियान की शुरुआत हमवतन उन्नति हुड्डा के खिलाफ करेंगी। दूसरे दौर में उनका सामना चीन की चौथी वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से हो सकता है। महिला एकल में भारत की अन्य खिलाड़ी देविका सिहाग अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफन के खिलाफ करेंगी। पिछले महीने सिंगापुर ओपन सुपर 750 का खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग ने जापान ओपन से भी सात्विक की बार-बार उभर रही कंधे की चोट के कारण नाम वापस ले लिया था। अब दोनों ने विश्व चैंपियनशिप से पहले पूरी तरह फिट होने के उद्देश्य से चीन ओपन नहीं खेलने का फैसला किया है। विश्व चैंपियनशिप 17 वर्ष बाद भारत में आयोजित होने जा रही है।

पुरुष एकल में भारत की चुनौती का जिम्मा पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज आयुष शेट्टी और अनुभवी एचएस प्रणय संभालेंगे।

लक्ष्य सेन शुरुआती दौर में जापान के युशी तनाका से भिड़ेंगे। आयुष शेट्टी का सामना इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से होगा, जबकि 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणय पहले दौर में मलेशिया के लिओंग जुन हाओ से खेलेंगे। मिश्रित युगल में भारत की उम्मीदें तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की जोड़ी पर टिकी होंगी, जिनका पहले दौर में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी गुओ शिन वा और चेन फांग हुई से मुकाबला होगा। रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे की जोड़ी का सामना पहले दौर में शीर्ष वरीय चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से होगा। पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एम.आर. अर्जुन की जोड़ी अपने पहले मुकाबले में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से भिड़ेगी।

## 'इतिहास बना देंगे या बन जाएंगे', कारगिल युद्ध के वीर लड़ाकू पायलटों की दास्तान दिखाएगी 'ऑपरेशन सफेद सागर', ट्रेलर में दिखी झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

*ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने अपनी आगामी सैन्य ड्रामा सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज साल 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायुसेना (IAF) द्वारा चलाए गए ऐतिहासिक और बेहद चुनौतीपूर्ण हवाई मिशन पर आधारित है।*



ऊंचे पहाड़ों और विपरीत परिस्थितियों में लड़े गए इस युद्ध में वायुसेना की अहम भूमिका को बड़े पर्दे जैसी भव्यता के साथ पर्दे पर उतारा गया है। कहानी मुख्य रूप से वायुसेना के प्रसिद्ध 'गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन' और उन युवा लड़ाकू पायलटों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपनी जान की बाजी लगा दी थी। इस सीरीज को काफी गहन शोध और भारतीय वायुसेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों व युद्ध नायकों से लंबी बातचीत के बाद तैयार किया गया है।

### असली सैन्य ठिकानों और फाइटर जेट्स के साथ हुई शूटिंग..

सीरीज को प्रामाणिक और वास्तविक दिखाने के लिए मेकर्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। 'ऑपरेशन सफेद सागर' की शूटिंग असल भारतीय वायुसेना अड्डों (एयरफोर्स बेस) पर की गई है, जहां क्रू को असली लड़ाकू विमानों और सैन्य बुनियादी ढांचे का उपयोग करने की विशेष अनुमति मिली थी। युद्ध के असल दृश्यों और कठिनाइयों को हूबहू पर्दे पर उतारने के लिए कई महत्वपूर्ण दृश्यों को अत्यधिक ऊंचाई वाले पहाड़ी इलाकों में शूट किया गया है। कहानी के केंद्र में 'गोल्डन एरोज स्क्वाड्रन' है, जिसका नेतृत्व विंग कमांडर बी.एस. धनोआ 'टोनी' (जिमी शेरगिल) और स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा (सिद्धार्थ) कर रहे हैं। इनके साथ ही फ्लाइंग ऑफिसर आरएस धालीवाल (अभय वर्मा), फ्लाइंग ऑफिसर सी.एच. बाल रेड्डी (मिहिर आहूजा), फ्लाइट लेफ्टिनेंट जितेंद्र सांगवान (तारुक रैना) और फ्लाइंग ऑफिसर अमित गुप्ता (अर्णव भसीन) जैसे युवा जांबाज देश के लिए खतरनाक मिशनों को अंजाम देते हैं। यह सीरीज न सिर्फ युद्ध के मैदान को दिखाती है, बल्कि पायलटों के परिवारों और वायुसेना के अधिकारियों की पत्नियों के मानसिक व भावनात्मक संघर्ष को भी बखूबी बयां करती है।

### वायुसेना के पूर्व प्रमुख बीएस धनोआ का मिला मार्गदर्शन..

इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को भारतीय वायुसेना के पूर्व प्रमुख एयर चीफ मार्शल (रिटायर्ड) बीएस धनोआ का विशेष मार्गदर्शन मिला है। सीरीज को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि देश अब इस गौरवशाली गाथा को सुनने के लिए पूरी तरह तैयार है और यह काफी समय से लंबित था। कारगिल युद्ध में वायुसेना का योगदान हमारे इतिहास का एक बेहद महत्वपूर्ण अध्याय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सीरीज को देखने के बाद देश के युवा लड़के-लड़कियां भारतीय वायुसेना में शामिल होने और देश सेवा करने के लिए प्रेरित होंगे। नेटफ्लिक्स इंडिया की कंटेंट वाइस-प्रेसिडेंट मोनिका शेरगिल और सीरीज के निर्देशक ओनी सेन ने भी भारतीय वायुसेना के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस वीरता की कहानी को पूरी ईमानदारी, संवेदनशीलता और बड़े पैमाने पर दर्शकों के सामने लाना उनके लिए एक विशेषाधिकार की तरह है।

### शानदार स्टार कास्ट और रिलीज की तारीख..

ओनी सेन के निर्देशन में बनी इस सीरीज का निर्माण अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव ने मिलकर किया है। फिल्म के निर्माताओं में मैचबॉक्स शॉट्स के संजय राउत्रे व सरिता पाटिल और फील गुड फिल्म्स के महबूब पाल सिंह बरार शामिल हैं। सीरीज में जिमी शेरगिल, सिद्धार्थ और अभय वर्मा के अलावा दीया मिर्जा, प्राजक्ता कोली, आदिल हुसैन, मिहिर आहूजा, तारुक रैना और अमृता बागची जैसे बेहतरीन कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। देशभक्ति और साहस से भरपूर यह मिलिट्री ड्रामा सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' स्वतंत्रता दिवस के मौके के ठीक पहले यानी 7 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी।

## लॉकअप 2 से खत्म हुआ योगेश रावत का सफर, इमोशनल हुईं आकांक्षा चौधरी, सूफी मोतीवाला के सर्वाइवल पर निकाली भड़ास..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

'लॉकअप' का सीजन 2 इन दिनों खूब चर्चा में है। शो से पिछले दिनों ही माधुरी ग्रोवर का सफर खत्म हो गया। उन्होंने आकांक्षा चौधरी को बचाते हुए खुद शो से बाहर जाने का फैसला लिया और अब हालिया एपिसोड में एक और कंटेस्टेंट 'लॉकअप 2' से बाहर हो गया।



ये कंटेस्टेंट कोई और नहीं 'स्प्लिट्सविला' फेम योगेश रावत हैं, जिन्हें रियलिटी शो से बाहर कर दिया गया है। लेकिन, योगेश के बाहर जाने से उनकी साथी कंटेस्टेंट आकांक्षा चौधरी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, एक टास्क के दौरान, टीवी एक्टर धीरज धूपर को एलिमिनेशन के लिए एक कंटेस्टेंट चुनने की पावर दी गई और उन्होंने योगेश रावत के खिलाफ वोट किया, जिसके बाद 19 जुलाई के एपिसोड में, होस्ट फराह खान ने आधिकारिक तौर पर योगेश के एविक्शन की घोषणा की।

### योगेश रावत 'लॉक अप 2' से बाहर हुए..

योगेश रावत शो से बाहर हो चुके हैं और उनके सफर के खत्म होने से सबसे ज्यादा प्रभावित आकांक्षा चौधरी हुई हैं, जिनकी योगेश से खास दोस्ती रही है। दोनों स्प्लिट्सविला में भी साथ थे। जैसे ही योगेश के जाने के बाद सूफी मोतीवाला 'लॉकअप' जेल में वापस आए, आकांक्षा चौधरी समेत सभी कंटेस्टेंट्स को पता चलता है कि योगेश रावत को बाहर कर दिया गया है। इससे आकांक्षा काफी भावुक हो गईं और रोने लगीं। योगेश को शो से बाहर किए जाने पर सवाल उठाते हुए, आकांक्षा ने निराशा जताई और कहा कि सूफी को सुरक्षित घोषित कर दिया गया जबकि योगेश को घर भेज दिया गया ये पूरी तरह से 'अनफेयर' है।

### योगेश रावत के एविक्शन पर रोने लगीं आकांक्षा चौधरी..

आकांक्षा कहती हैं, 'यह बहुत गलत है। योगेश को न तो पूरे हफ्ते टास्क करने का मौका मिला और न ही करने दिया गया और अब उसे सूफी के लिए बाहर कर दिया गया?' इस पर शिवांगी जोशी ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन आकांक्षा योगेश के बाहर होने पर अपनी निराशा जाहिर करने से खुद को नहीं रोक पाईं। नेटफ्लिक्स इंडिया रियलिटी के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर हाल ही में योगेश रावत के बाहर होने की घोषणा करते हुए एक वीडियो शेयर किया गया है, जिसमें लिखा है, 'धीरज धूपर ने अपनी पावर का इस्तेमाल करके योगेश को टर्मिनेट कर दिया!'

### फराह और रितेश ने सूफी से अपना गेम बेहतर करने को कहा..

योगेश के बाहर होने के बाद फराह खान और रितेश देशमुख ने सूफी मोतीवाला को बताया कि उन्हें धीरज धूपर ने बचाया था। फराह ने उन्हें बधाई दी और साथ ही और मेहनत करने को कहा। फराह ने सूफी को ये भी याद दिलाया कि बार-बार शो छोड़ने की इच्छा जाहिर करने के बावजूद वह शो में बने हुए हैं। दरअसल, सूफी कई एपिसोड में घर जाने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं। यही नहीं रितेश देशमुख ने भी सूफी से अपना रवैया बदलने को कहा

### लॉकअप 2 में नया खुलासा..

इसके अलावा 'लॉकअप 2' में एक नया खुलासा भी होने वाला है। शो में लैला यानी वरुण यादव अपने एक सीक्रेट से पर्दा उठाने वाले हैं, जिसे उन्होंने अब तक छुपा कर रखा था। इससे पहले आकांक्षा चमोला,

हर्षद चोपड़ा और राम कपूर अपने-अपने सीक्रेट्स से पर्दा उठा चुके हैं और पिछले दिनों योगेश रावत ने भी खुद को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया था। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि 'लॉक अप 2' नेटफ्लिक्स पर शनिवार से गुरुवार रात 8 बजे आता है।

## शुभमन गिल को सीरीज हार के बाद लगा एक और झटका, आईसीसी अवार्ड जीतने से चूके..

डेस्क जगप्रेरणा।

*शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया इंग्लैंड से वनडे सीरीज हार गई है। तीन में से केवल एक ही मुकाबला भारतीय टीम जीत सकी और दो में उसे हार का सामना करना पड़ा है।*



इसके बाद गिल ने अपनी टीम के खिलाड़ियों पर नाराजगी भी जताई है। इस बीच गिल को एक और झटका लगा है। आईसीसी ने उन्हें जून के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नॉमिनेट किया था। वनडे सीरीज खत्म होने के अगले ही दिन यानी आज उसका रिजल्ट घोषित किया गया, जिसमें न्यूजीलैंड के नाथन स्मिथ ने गिल को हराकर इस खिताब को अपने नाम करने में कामयाबी हासिल कर ली।

### न्यूजीलैंड के नाथन स्मिथ बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ..

आईसीसी ने जून महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ के विजेता का ऐलान कर दिया गया है। न्यूजीलैंड के शानदार खिलाड़ियों में से एक नाथन स्मिथ ने इसे जीत लिया है। उन्होंने इस वक्त चल रही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मुकाबले में जबरदस्त खेल दिखाया है। इस टूर्नामेंट के दौरान न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया, इसमें स्मिथ ने अपनी टीम की जीत में अहम योगदान निभाया। शुभमन गिल के अलावा बांग्लादेश के मोसादेक हुसैन को भी नॉमिनेट किया था, वे भी पीछे रह गए। उन्होंने इस अवार्ड को मिलने पर खुशी जताई है।

### नाथन स्मिथ ने दिखाया था कमाल का खेल..

नाथन स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज में 16 विकेट लिए थे। वे उस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्हें सीरीज के दौरान भी प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। उन्होंने कमाल का खेल दिखाया था।

### गिल अच्छा खेल दिखाने के बाद भी चूक गए..

शुभमन गिल ने भी जून में खेली गई अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया था, वे अच्छा खेल दिखाने में कामयाब रहे हैं, लेकिन आईसीसी अवार्ड में वे बाजी मारने में पीछे रह गए। अफगानिस्तान के ही खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज की दो पारियों में गिल ने 238 रन बनाए थे। सीरीज के पहले मैच में गिल ने 66 गेंदों पर 84 रन बनाए।

इसके बाद दूसरे मैच में उन्होंने 110 गेंदों पर शानदार 154 रनों की पारी खेली थी। गिल ने टेस्ट मैच में 126 रनों की जबरदस्त पारी खेली थी। ये टेस्ट में उनका 11वां शतक था।

# लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433




# साहित्य अभिव्यक्ति






दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433


## शासन-प्रशासन के भरोसे ही क्यों? हर व्यक्ति को निभानी होगी अपने कर्तव्यों की जिम्मेदारी..

आज हम आए दिन न्यूज़ चैनलों पर देखते हैं कि बेटी ने माता-पिता की हत्या की साजिश रची, पत्नी ने पति की हत्या कर दी, एक छोटे बच्चे ने मोबाइल न देने पर अपनी माँ को गोली मार दी, डेढ़ वर्ष के बच्चे को जमीन पर पटक-पटककर मौत के घाट उतार दिया, एक बालिका को बेचने के बाद 32 लोगों ने उसका बलात्कार किया, तो कहीं पिता की अश्लीकल हरकतों से परेशान किशोरी घर छोड़कर भागी। वहीं बीच-बीच में हम देखते हैं कि पर्यावरण का संतुलन निरंतर बिगड़ रहा है, भूमिगत जलस्तर गिरता जा रहा है, कहीं भीषण बाढ़ है, तो कहीं अकाल की स्थिति है, अचानक आग लगने से कई लोगों की मृत्यु हो जाती है, शोधों में पेयजल, खाद्य पदार्थों तथा माँ के दूध में विषैले तत्व पाए जा रहे हैं, कैंसर और पक्षाघात जैसी गंभीर बीमारियाँ अब सामान्य होती जा रही हैं तथा कुछ बीमारियों में तो दवाएँ भी लाइलाज सिद्ध होती जा रही हैं। यह सिलसिला यहीं नहीं रुकता है, अब देखने में आ रहा है कि पालतू जानवरों के व्यवहार में भी परिवर्तन आया है, वे आक्रामक और हिंसक होते जा रहे हैं, कहीं वे बच्चों को तो कहीं वयस्कों को नोचते-काटते हैं, यहाँ तक कि पूरा खा जाते हैं और जो लोग बच जाते हैं, वे रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी के कारण कुछ ही महीनों में मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। यह वह भयानक घटनाएं हैं जिनका संज्ञान सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिया गया है और समय-समय पर जनहित में आदेश दिये गये हैं।

देश में घटित इन घटनाओं की भयानक खबरों से मन विचलित होता है, फिर हम आश्चर्य और दुख व्यक्त करते हुए कलयुग का प्रभाव है कहकर पुनः अपनी दिनचर्या में लग जाते हैं, क्यों कि यह अनिष्ट स्वयं के साथ नहीं हुआ है, यह दर्द हमारा नहीं है। हम यह चिंतन नहीं करते कि इन घटनाओं के पीछे की मूल जड़ क्या है? और यह स्वयं हमारे साथ भी हो सकता है। विषय-विद्वान भावी भयानक परिणामों से परिचित होने के बावजूद अपनी बात आमजन तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुँचा पाते। इन हृदयविदारक घटनाओं के बाद हम पुलिस, प्रशासन और न्यायालय से परिवर्तन एवं न्याय की आशा करते हुए अगली घटना की प्रतीक्षा करने लगते हैं, लेकिन व्यक्तिगत स्तर पर हम अपनी महत्वाकांक्षाओं, संस्कारों, नैतिक मूल्यों, मानवीय गुणों तथा लालच की प्रवृत्ति पर विचार कर अपने कर्तव्यों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने का प्रयास कभी नहीं करते। समाज के प्रत्येक व्यक्ति के साथ ही पुलिस, वकील, न्यायाधीश, डॉक्टर, पत्रकार और प्रशासनिक अधिकारी अपने स्तर पर, जहाँ वह हैं, वहीं से दृढ़ता के साथ पूरी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने का प्रयास करे, तो ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति अवश्य रोकी जा सकती है।



विगत कुछ वर्षों से परिवार के भीतर होने वाले अपराधों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है। माता-पिता, पति-पत्नी, भाई-बहन और बच्चों के बीच विश्वास, संवाद और सम्मान का स्थान स्वार्थ, क्रोध, अहंकार और असहिष्णुता लेते जा रहे हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं की दौड़ में परिवार साथ रहते हुए भी मानसिक रूप से दूर हो गए हैं। बच्चों के लिए माता-पिता के पास समय नहीं है और बुजुर्ग उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। हमें अब परिवार को केवल आर्थिक इकाई नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रथम पाठशाला बनाना होगा। प्रतिदिन परिवार के सभी सदस्यों का कुछ समय साथ बैठना, संवाद करना, भोजन साथ करना, बच्चों को नैतिक शिक्षा देना, बड़ों का सम्मान और छोटों के प्रति स्नेह का वातावरण बनाना आवश्यक है। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को भी चरित्र निर्माण के अभियान चलाने चाहिए। कानून अपराध होने के बाद दंड दे सकता है, लेकिन संस्कार अपराध होने से पहले रोक सकते हैं।

मोबाइल और इंटरनेट ने जीवन को सरल बनाया है, लेकिन अनियंत्रित उपयोग ने बच्चों के मानसिक विकास पर गंभीर प्रभाव डाला है। हिंसक खेल, अश्लील सामग्री, सोशल मीडिया की लत और वास्तविक जीवन से दूरी बच्चों में चिड़चिड़ापन, आक्रामकता और असंवेदनशीलता बढ़ा रही है। माता-पिता स्वयं डिजिटल अनुशासन अपनाकर बच्चों के मोबाइल उपयोग की समय-सीमा तय करें और उनकी ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें। उन्हें खेल, पुस्तकें, संगीत, योग, ध्यान और सामाजिक गतिविधियों से जोड़ें। बच्चों को विद्यालयों में डिजिटल साक्षरता के साथ डिजिटल नैतिकता की भी शिक्षा दी जाये। महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार, मानव तस्करी, घरेलू हिंसा तथा अन्य अपराध समाज पर कलंक हैं। ऐसे अपराध सामाजिक सोच के पतन का संकेत हैं। बचपन से ही लड़कों को महिलाओं के सम्मान, समानता और संवेदनशील व्यवहार की शिक्षा दी जाए, क्योंकि उनकी सुरक्षा पूरे समाज की जिम्मेदारी है। तेजी से गहराते पर्यावरण संकट का प्रमुख कारण मानव की स्वार्थपूर्ण जीवनशैली है। अंधाधुंध वृक्षों की कटाई, प्रदूषण, प्लास्टिक का अत्यधिक उपयोग, जल का दुरुपयोग तथा प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन से बाढ़, सूखा, भीषण गर्मी और असामान्य वर्षा जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं। प्रत्येक नागरिक अधिक से अधिक पौधे लगाए, उनकी देखभाल करे, वर्षा जल संचयन करे, प्लास्टिक का उपयोग कम करे, जल संरक्षण करे तथा स्वच्छता व हरित अभियान चलाए। प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है। भारत में कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, पक्षाघात तथा मानसिक रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रदूषित भोजन, रसायनों का अत्यधिक उपयोग, तनावपूर्ण जीवन, व्यायाम की कमी तथा असंतुलित खान-पान इसके प्रमुख कारण हैं। आज प्रत्येक व्यक्ति आलस्य त्यागकर योग, नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, नशामुक्त जीवन एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण को जीवन का हिस्सा बनाये, क्योंकि सरकार स्वास्थ्य सुविधाएँ दे सकती है, लेकिन स्वस्थ रहने का निर्णय व्यक्ति को स्वयं लेना होगा। जंगली एवं पालतू पशुओं का बदलता व्यवहार भी गंभीर चुनौती है। बढ़ते शहरीकरण, जंगलों की कटाई, भोजन की कमी तथा मानव की लापरवाही के कारण पशुओं का व्यवहार आक्रामक हो रहा है। वनों का संरक्षण, सुरक्षित आवास, नसबंदी अभियान, समय पर टीकाकरण तथा पशुओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार आवश्यक है। आज समाज अपनी संवेदनशीलता खो रहा है। दुर्घटना या अपराध होने पर सहायता करने के बजाय लोग वीडियो बनाने में अधिक रुचि दिखाते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मानवीय संवेदनाओं को पुनर्जीवित करना होगा। पड़ोस, मोहल्ला, ग्राम और नगर स्तर पर सामाजिक सहयोग की परंपरा को मजबूत किया जाए तथा रक्तदान, अंगदान, आपदा सहायता, वृद्ध सेवा और जरूरतमंदों की मदद जैसे कार्यों में समाज की भागीदारी बढ़ाई जाये।

समाज में घटने वाली घटनाओं के लिए केवल शासन-प्रशासन ही नहीं, नागरिक भी उत्तरदायी हैं। हर समस्या का समाधान सरकार से अपेक्षित करना उचित नहीं है। सरकार कानून बना सकती है, प्रशासन व्यवस्था लागू कर सकता है और न्यायालय न्याय दे सकता है, लेकिन समाज का चरित्र नागरिक ही बनाते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति ईमानदारी, अनुशासन, कर भुगतान, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, महिला सम्मान, यातायात नियमों के पालन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को अपना कर्तव्य मान ले, तो देश की अधिकांश समस्याएँ स्वतः कम हो जाएँगी। बच्चों में प्रारंभ से ही महिला सम्मान, संस्कार और नैतिकता का बीज बोना होगा, जिससे युवावस्था में वह एक जिम्मेदार व चरित्रवान नागरिक बन सकें और तेजी से गर्त में जाते समाज को बचा सकें। इससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ, सुरक्षित तथा संस्कारित वातावरण मिलने के साथ ही अनेक सामाजिक समस्याओं का स्थायी समाधान प्रारंभ हो जाएगा।

लेखक



नीलेश वर्मा

## खाऊ..

कुम्भकरन खाऊ
हतौ, ऊ
सम कोऊ नाय।
ऐक दिना खा लेत
तौ, छै मईना सो
जाय।।

जो जन खाऊ होत
हैं, होत आलसी ऐंन।
बैठे बैठे सोचबें, परे
रहत दिन रेंन।।

भौत बिकट
खाऊ हते, दानव
राक्षस राज।
खा खा कें मौटे परे,
करत न ते काज।।

उठत भुन्सरा
खात हैं, खाऊ
सब सें पैल।
फिर मूँछन पै ताव दै,
पकरत अपनी गैल।।

बासी कूसी सात खा,
तातीं खाई सात।
खाऊ नें फिर सूँट
दव, बडे
थरा भर भात।।

रामानन्द
पाठक नन्द

## दिन ढलने से पहले..

मैं हर रोज़ जीता हूँ,
एक रोज़ मर जाने को।

सुबह आँख खोलते ही लगता है,
आज फिर वही दौड़, वही शोर।
रात आते-आते थक जाता हूँ,
पर नींद भी हिसाब माँगती है।

न जाने क्यों दिन ढलता है,
इतनी जल्दी हाथ से फिसल जाता है।
रात क्यों चली आती है,
बिना दस्तक, बिना वजह।

मैं हर रोज खुद को संभालता हूँ,
टूटे हुए टुकड़ों को फिर से जोड़ता हूँ।
लोग पूछते हैं 'कैसे हो?'
और मैं मुस्कुरा कर
कह देता हूँ 'बढ़िया'।

फिर एक दिन समझ आया,
मरना आखिरी नहीं है।
जीने के बीच में ही,
कहीं एक वजह छुपी है।

शायद किसी की हंसी में,
किसी के 'तू है' कहने में,
या बस चाय की
पहली चुस्की में।

इसलिए मैं हर
रोज़ जीता हूँ,
क्योंकि उस
'एक रोज़' से पहले,
हज़ार रोज़ और
जीने बाकी हैं।
दिन ढलने से पहले।

लेखक



हिमांशु हाड़गे
बालाघाट

## तुम्हारा साथ जरूरी है..

हर एक कदम पर,
हाथों में मेरे हाथ जरूरी है।
तुम्हारा साथ जरूरी है।
तुम बिन जैसे
जीवन की हर साध अधूरी है।
तुम्हारा साथ जरूरी है।

साथ तुम्हारा
जैसे डूबते को मिल जाए
तिनके का सहारा।
साथ तुम्हारा
बीच मझधार हो कोई
और मिल जाए किनारा।
तुम बिन पल-पल, छिन- छिन
दिन तो दिन, रात अधूरी है।
तुम्हारा साथ जरूरी है।।


रचनाकार

मेरा गीत हो तुम
संगीत हो तुम
मेरा मन भी तुम्ही
और मीत हो तुम
तुम बिन
लगता जीवन की
हर बात अधूरी है।
तुम्हारा साथ जरूरी है



शशि तिवारी,
गोंदिया (महारा.)


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 223



ck;ı Iı nk;ı I& 1) मनमोहन सिंग सरकार के एक केन्द्रीय मंत्री का कुलनाम 6) बड़ी बहन के लिए संबोधन 8) घृणा 10) मुंह, वदन 11) अपरिचित 14) खींचतान 15) सिंह 17) मक्का की एक प्रसिद्ध मसजिद 18) उठाव 19) पुष्परज, मधु 21) मुसलमानों का अरबस्थित एक पवित्र स्थल 23) कालीदास द्वारा रचित एक प्रसिद्ध काव्यग्रंथ 25) समस्त, समूचा 26) अंग्रेजी काल गणना का एक महीना 28) जाना, प्रस्थान करना 29) कोलकाता का पूर्ववर्ती नाम 30) टुकड़ा 31) लड़ाई, भिड़ंत 32) प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा के ससुराल का कुल नाम 33) बहुत पतला 36) उतारु, तत्पर 37) भरण – पोषण 39) छोटा बच्चा 41) पिता के पिता के पिता 45) प्रणाम 47) गुजरात राज्य का प्रसिद्ध लोक नृत्य 48) केश 49) दस और बीस के बीच का एक अंक 50) ध ंसनेवाला कीचड़ 52) हैरान, विस्मित 53) कटि 56) तंग करना 58) जमाई 59) एक रंग 60) निर्भीक 61) एक छोटा गोल खट्टा मिठा फल 63) मुंह 64) नष्ट, नाश 66) बड़ी पेटी 68) कीचड़ में खिलनेवाला एक फूल 69) निग्रो जाति का व्यक्ति 70) 'इन' का एकवचन 71) एक दल से दूसरे दल में जाने की क्रिया 74) हमारा देश 76) निमंत्रण, बुलाना 77) ध र्मशाला 79) शब्द, आवाज 80) कामदेव, पति 81) सन्देह 83) ज्वालामुखी से निकलनेवाला तप्त रस 84) तांत्रिकों द्वारा देवता को खुश करने के लिए किया जानेवाला पशुओं का वध 85) मृतदेह 87) पात्र, योग्य 89) एक देश जहां का निवासी जगज्जेत्ता सिकंदर था 90) गतिविधी, हलचल 91) अकस्मात, अचानक 93) किसी मंत्र का बार बार और धीरे धीरे उच्चारण 95) निषेध, रोक 96) विष्णु 97) सज्जित होना, सजना 99) बेशर्म 100) भवसागर पार करानेवाला, ईश्वर 103) चतुर, वयस्क 105) खाली, वह कागज जिसपर कुछ लिखा न हो 106) 'कलश' के लिए गावों में उच्चरित शब्द 107) दालान 109) धीरे धीरे टहलने की क्रिया 110) थामना, गिरने से बचाना 111) विष्णु का एक संबोधन

Åij Iı uhpı I& 1) स्निग्ध, तेल लगा हुआ, जिसपर चलने से पैर फिसल जाये 2) दांत से काटने की क्रिया, विषैले कीड़ों के डंक 3) विस्फोटक गोला 4) रुपया, पैसा 5) मच्छर (सं.) 6) वह प्रदेश जिसे गोवा के साथ पुर्तगालियों के कब्जे से मुक्त किया गया 7) अत्यंत गरीब, रंक 8) समीप 9) सुंदर, मनोहर 10) अभिनंदन 11) कमी, न होना या कम होने का भाव 12) पुरुष 13) भेट, उपहार 16) एक दशरथ पुत्र 17) सन् 1907 में जर्मनी में तिरंगा ध्वज फहरानेवाली प्रसिद्ध विदेशी क्रान्तिकारी महिला का कुल नाम 18) उठान, ऊंचाई, सूजन 20) बिना किसी रंग का 22) एक प्रसिद्ध प्राचीन विश्वविद्यालय 23) श्वान 24) सन्तान, बच्चे 25) किसी से एखादा कार्य सिद्ध करने के चार उपाय 26) प्रासाद 27) अरुणाचल प्रदेश की राजधानी 31) वस्तुएं, सामग्री 32) अयोग्य, कुछ काम करने के लायक न होना 33) गिरे हुए मकान के पत्थर, ईंटे, मिट्टी आदि 34) दुष्ट 35) मैला 38) नदी का छोर या किनारा 39) बालमित्र 40) जोर से जकड़ना 41) परदे में रहनेवाली स्त्री 42) दयालु, ईश्वर (उर्दू) 43) एक चर्म रोग 44) सिकंदराबाद का जुड़वा शहर 46) बड़ा शहर 51) पानी में उठी हुयी तरंग 54) मेहनत के काम करनेवाले, श्रमिक 55) जानकारी, पता होना 57) नक्षत्र, चांदनी 61) खिंचाव 62) उत्तर प्रदेश का एक जिला मुख्यालय 63) जलवायु 64) इराक का एक प्रसिद्ध औद्योगिक शहर 65) पीसना 66) छत्रपति शिवाजी महाराज के एक पुत्र का नाम 67) कैंची से कागज को बारीक काटना 69) कारागार की वह कोठरी जिसमें अदालत का निर्णय होने तक अभियुक्त को रखा जाता है 70) इस कारण 72) प्रतिशोध 73) लोच आना 75) उलटी, कै 78) जीत, विजय, कीर्ति 82) वह राज्य जिसकी राजधानी बंगलुरु है 84) बाकी बचा हुआ 86) भारी, वजनयुक्त 88) एक देश या संगीत का राग 89) अनाज की पैदास बढ़ाने के लिए खेतों में डाला जानेवाला एक द्रव 91) भान 92) बचकर निकलना या सामनेवाले से बचने की कोशीश करना 94) ठिकाना 96) हुसैन साहब के भाई जिन्हे मुहर्रम के दिन याद किया जाता है 97) लज्जा, हिचक 98) सूअर 99) लता, बिल्व पत्र 101) एक विदेशी शराब 102) वेग, गति 104) विविध 106) न्यूनता 107) शक्ति, ताकत 108) युद्ध (जबाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691






विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


## भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के तहत कार आयात कोटा के लिए आवेदन आमंत्रित..



नई दिल्ली, (भाषा)।

*भारत ने सोमवार को भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के तहत शुल्क रियायत के साथ आयात किए जाने वाले पूर्ण रूप से निर्मित (सीबीयू) यात्री और माल ढुलाई वाहनों के*

लिए वर्ष 2026 के आयात कोटा आवंटन को पहले चरण के आवेदन आमंत्रित किए। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के तहत भारत ने समझौते के पहले 15 वर्षों के दौरान ब्रिटेन से पारंपरिक इंजन वाले यात्री वाहनों, जिनमें आम उपभोक्ता वर्ग की कारें भी शामिल हैं, के कुल 3.78 लाख वाहनों के आयात को रियायती सीमा शुल्क पर अनुमति दी है। समझौते के तहत दोनों देशों ने निर्धारित कोटा के भीतर वाहन आयात पर सीमा शुल्क को लगभग 110 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत करने पर सहमति जताई है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि समझौते के तहत कोटा आधारित शुल्क रियायत का लाभ लेकर ब्रिटेन से वाहन आयात करने के इच्छुक आयातक 21 जुलाई से चार अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं।

अधिसूचना के अनुसार, पहले चरण में आयातकों को 9,316 वाहनों के कोटा आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। केवल मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम), उनके डीलर और ब्रिटेन में निर्मित वाहनों के ओईएम द्वारा विधिवत अधिकृत चैनल साझेदार ही शुल्क दर कोटा के लिए आवेदन करने के पात्र होंगे।

पात्रता के लिए प्रत्येक आवेदक को ब्रिटेन के वाहन विनिर्माता (ओईएम) द्वारा जारी पूर्व-क्रय समझौता प्रस्तुत करना होगा, जिसमें टीआरक्यू वर्ष के दौरान भारत में आयात के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले वाहनों की संख्या का उल्लेख होगा।

इसमें कहा गया कि 1,500 सीसी तक इंजन क्षमता वाली कारों के लिए 2,329 इकाइयों का कोटा निर्धारित किया गया है। इन वाहनों पर मूल सीमा शुल्क 66 प्रतिशत के बजाय 50 प्रतिशत लगेगा। इसी प्रकार, पेट्रोल वाहनों के लिए 1,500 सीसी से अधिक और 3,000 सीसी से कम तथा डीजल वाहनों के लिए 1,500 सीसी से अधिक और 2,500 सीसी तक इंजन क्षमता वाली कारों के लिए भी 2,329 इकाइयों का कोटा तय किया गया है। इन वाहनों पर भी शुल्क 66 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत किया गया है। पेट्रोल वाहनों के लिए 3,000 सीसी से अधिक और डीजल वाहनों के लिए 2,500 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली कारों के लिए 4,658 इकाइयों का कोटा निर्धारित किया गया है। इन श्रेणियों में आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत रह जाएगा।

## व्यापार संगठन एआईएसटीए ने कहा, चीनी की कमी की खबरें सही नहीं..



नई दिल्ली, (भाषा)।

*अखिल भारतीय चीनी व्यापार संघ (एआईएसटीए) ने सोमवार को कहा कि चीनी की कमी की खबरें बेबुनियाद हैं, जबकि एक महीने से भी कम समय में चीनी की फैक्ट्री पर कीमतें लगभग 15 प्रतिशत बढ़ गई हैं।*

साथ ही, इस चीनी संघ ने अपने सदस्यों से देश भर में चीनी की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। अपने 700 संबद्ध मुख्य सदस्यों और संगठनों को भेजे एक संदेश में, एआईएसटीए ने कहा कि भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) और नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज (एनएफसीएसएफ) ने 17 जुलाई को संयुक्त रूप से स्पष्ट किया था कि देश में घरेलू मांग को पूरा करने के लिए चीनी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

चीनी संघ ने कहा कि चीनी उद्योग, कृषि-जलवायु परिस्थितियों के आधार पर 2026-27 सत्र (अक्टूबर-सितंबर) को जल्द से जल्द शुरू करने पर भी सहमत हो गया है।

एआईएसटीए के चेयरमैन प्रफुल्ल विठलानी ने संदेश में कहा, ''हाल ही में एक्स-फैक्ट्री चीनी की कीमतों में हुई बढ़ोतरी - एक महीने से भी कम समय में लगभग 15 प्रतिशत - ने कमी की एक अनावश्यक धारणा पैदा कर दी है।''

उन्होंने चीनी मूल्य श्रृंखला से जुड़े सभी पक्षों - चीनी मिलों, व्यापारिक घरानों, थोक विक्रेताओं, वितरकों और संस्थागत उपभोक्ताओं - से आग्रह किया कि वे देश भर में चीनी की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ''सकारात्मक कदम'' उठाएं।

विठलानी ने कोविड-19 महामारी के दौरान उद्योग के पहले के रिकॉर्ड का हवाला दिया, जब आपूर्ति बनाए रखी गई थी और सरकार ने इस प्रयास की सराहना की थी।

उन्होंने कहा, ''हमें अब भी वैसा ही रवैया अपनाना चाहिए।'' और सदस्यों से ''आपूर्ति पाइपलाइन को सुचारू रूप से चालू रखने'' और ऐसी गतिविधियों से बचने का आह्वान किया जो इसमें बाधा डाल सकती हैं। उन्होंने सदस्यों से घबराहट में खरीदारी या सट्टेबाजी के लिए स्टॉक जमा करने से बचने, सरकारी नियमों का पालन करने और ''गुमराह करने वाली जानकारी या अफवाहों'' पर ध्यान न देने को भी कहा।

संबंधित पक्षों को लिखे एक अलग खुले पत्र में, एआईएसटीए ने कहा कि वह चीनी की उपलब्धता को लेकर आशावादी है। उसने उद्योग द्वारा पर्याप्त स्टॉक स्तर के आश्वासन और पेराई के जल्द शुरू होने की संभावना का हवाला दिया।

चीनी संघ ने कहा कि उसे उम्मीद है कि फसल कटाई के शुरुआती दौर में बहुत अधिक बारिश के बिना मौसम अनुकूल रहेगा, जिससे गन्ने की कटाई और पेराई बिना किसी रुकावट के जारी रह सकेगी। एआईएसटीए ने मिलों, व्यापारियों और संस्थागत खरीदारों से सरकारी नियमों का सख्ती से पालन करने, कामकाज सुचारू रूप से चलाने और उद्योग संघों के आश्वासनों पर भरोसा करने का आग्रह किया।

## सीमा पार कवरेज संबंधी प्रावधानों के मानकीकरण पर परिपत्र जारी करने पर विचार करे इरडा : न्यायालय..

नई दिल्ली, (भाषा)।

*उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) को सभी मोटर बीमा पॉलिसियों में सीमा पार बीमा कवरेज संबंधी प्रावधानों को एकरूप बनाने के लिए एक मास्टर परिपत्र जारी करने पर विचार करने की सलाह दी।*

न्यायालय ने कहा कि बीमा पॉलिसी में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा स्पष्ट होनी चाहिए तथा यदि किसी पॉलिसी में भारत के बाहर के क्षेत्र में भी बीमा कवरेज उपलब्ध कराया जाना है, तो इसका स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए।

न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि वर्तमान में ऐसा कोई स्पष्ट कानून या नियामक स्पष्टीकरण लागू नहीं है जो सीमा पार यात्रा के लिए बीमा पॉलिसी के कवरेज के विस्तार को स्पष्ट करता हो।

पीठ ने कहा, ''इस अनिश्चितता के कारण मोटर दुर्घटना दावों के समयबद्ध और प्रभावी निपटारे में बाधाएं आती हैं, जिसका सबसे अधिक नुकसान दावेदारों को उठाना पड़ता है।''

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी एक बीमा कंपनी की उस अपील पर सुनवाई के दौरान की, जिसमें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के फरवरी, 2025 के आदेश को चुनौती दी गई थी।

उच्च न्यायालय ने कंपनी को नेपाल में सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिजनों को 32.67 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया था। पीठ ने कहा कि वर्ष 2010 में दुर्ग से धार्मिक यात्रा पर नेपाल जा रही एक बस पहाड़ी से टकरा गई थी, जिसमें चालक सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि 'अंतर-देशीय परिवहन वाहन नियम, 2021' अब भारतीय वाहनों को वैध अंतर-देशीय परमिट के तहत अन्य देशों की यात्रा करने के लिए एक संरचित कानूनी ढांचा प्रदान करता है।

न्यायालय ने कहा, ''इन नियमों में यह अनिवार्य किया गया है कि अंतर-देशीय परमिट वाले वाहन के पास वैध बीमा पॉलिसी हो। हालांकि, इनमें यह स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया है कि घरेलू बीमा पॉलिसी का कवरेज उस देश तक स्वतः विस्तारित होगा या नहीं, जहां वह वाहन संचालित किया जाएगा।''

अदालत ने कहा, ''जब अनुबंध का पूरा मसौदा तैयार करने का अधिकार एक ही पक्ष के पास होता है और वह अस्पष्ट पॉलिसी तैयार करता है, तो इसका नुकसान सामान्य पॉलिसीधारक को उठाना पड़ता है।''

पीठ ने कहा कि कई मामलों में बीमा कंपनियों ने इस अस्पष्टता का लाभ उठाकर या तो उस दायित्व से बचने की कोशिश की, जिसका वहन उन्हें करना चाहिए था, या फिर पॉलिसी की अस्पष्ट भाषा के कारण ऐसे दायित्व का सामना करना पड़ा, जिसे वह स्वीकार करने का उनका कभी इरादा नहीं था।

अदालत ने सुझाव दिया कि यदि सीमा पार बीमा कवरेज उपलब्ध नहीं है, तो इसका स्पष्ट उल्लेख पॉलिसी में किया जाना चाहिए। साथ ही, बीमाधारक को यह भी बताया जाना चाहिए कि दूसरे देश की यात्रा से पहले अलग से अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है।

## भारत मत्स्य पालन सब्सिडी पर डब्ल्यूटीओ समझौते में शामिल



नई दिल्ली, (भाषा)।

भारत ने सोमवार को घोषणा की कि वह मत्स्य पालन सब्सिडी पर विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के समझौते में शामिल हो गया है। यह समझौता गैर-कानूनी तरीके से मछली पकड़ने और अत्यधिक दोहन के लिए सरकारी मदद पर रोक लगाता है।

यह समझौता समुद्र में प्राकृतिक रूप से पाई जाने वाली मछलियों को पकड़ने और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए दी जाने वाली सब्सिडी पर केंद्रित है। हालांकि, मत्स्यपालन और भूमि से घिरे जल क्षेत्रों मछली पकड़ने की गतिविधियां इस समझौते के दायरे से बाहर हैं। यह समझौता 15 सितंबर, 2025 को लागू हुआ। इस समझौते को जून, 2022 में जिनेवा में आयोजित 12वें डब्ल्यूटीओ मंत्री-स्तरीय सम्मेलन में आम सहमति से अपनाया गया था। यह पर्यावरण अनुकूल उपायों के साथ पहला बहुपक्षीय डब्ल्यूटीओ समझौता है।

वाणिज्य मंत्रालय ने बयान में कहा, ''भारत ने 20 जुलाई, 2026 को मत्स्य पालन सब्सिडी पर डब्ल्यूटीओ समझौते को स्वीकार करने से संबंधित दस्तावेज को जमा किए और इसके साथ वह इस समझौते का हिस्सा बन गया।''

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने औपचारिक स्वीकृति पत्र जिनेवा में विश्व व्यापार संगठन की महानिदेशक न्गोजी ओकोन्जो-इवेला को सौंपा। अग्रवाल आधिकारिक यात्रा पर जिनेवा में हैं। मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता पर्यावरण अनुकूल तरीके से मछली पकड़ने को बढ़ावा देकर पारंपरिक और इस कार्य से जुड़े छोटे किसानों की आजीविका की रक्षा करता है।

यह गैर-कानूनी, बिना रिपोर्ट की गई और बिना नियम-कानून वाली मछली पकड़ने की गतिविधियों और मछलियां पकड़ने के मामले में अत्यधिक दोहन से जुड़ी सब्सिडी पर रोक लगाता है। इसका मकसद मछली पकड़ने के उन गैर-टिकाऊ तरीकों को रोकना है जो समुद्री संसाधनों के लिए खतरा हैं।

यह समझौता नुकसानदायक सब्सिडी को नियंत्रित कर मछली पकड़ने की एक अधिक निष्पक्ष वैश्विक व्यवस्था भी बनाता है। मंत्रालय ने कहा, ''इससे भारत जैसे देशों को फायदा होता है, जहां मछली पकड़ने का काम मुख्य रूप से छोटे पैमाने पर होता है और जो औद्योगिक स्तर पर मछली पकड़ने में बड़ी भूमिका नहीं निभाते हैं।'' साथ ही, भारत के समुद्री खाद्य निर्यात में मत्स्य पालन आधारित झींगे की प्रधानता है, जो इस समझौते के दायरे में नहीं आते हैं। इससे देश के समुद्री खाद्य निर्यात क्षेत्र की मजबूती और प्रतिस्पर्धी क्षमता सुनिश्चित होती है। यह समझौता समुद्री मछली संसाधनों के संरक्षण और टिकाऊ उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ विकासशील और सबसे कम विकसित देशों के सदस्यों के लिए उचित छूट भी प्रदान करता है। मंत्रालय ने कहा कि भारत की घरेलू मछली पालन प्रबंधन रूपरेखा इस समझौते के अनुरूप है और यह पारंपरिक तथा छोटे पैमाने पर मछली पकड़ने वालों के हितों की रक्षा करता है।

## सोना 1,400 रुपये चढ़ा, चांदी में गिरावट का सिलसिला जारी




नई दिल्ली, (भाषा)।

*मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को सोने की कीमतों में 1,400 रुपये की तेजी आई और यह करीब 1.47 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।*

अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,400 रुपये बढ़कर 1,46,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गया जबकि शुक्रवार को यह 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार छठे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। चांदी 1,000 रुपये टूटकर 2,21,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। पिछले सत्र में यह 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। चांदी में 10 जुलाई के बाद से अब तक कुल 15,500 रुपये यानी करीब 6.5 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है।

सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि पिछले सप्ताह की तेज गिरावट के बाद सोने में निचले स्तर पर खरीदारी देखने को मिली, जिससे इसकी कीमतों को सहारा मिला। वहीं, चांदी में बिकवाली का दबाव बना रहा, क्योंकि निवेशक भू-राजनीतिक जोखिमों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को ऊंचे स्तर पर बनाए रखने की संभावनाओं का आकलन कर रहे हैं।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ÷अंतरराष्ट्रीय बाजारों से सकारात्मक संकेत मिलने और पिछले सप्ताह की गिरावट के बाद सस्ते स्तर पर खरीदारी आने से सोमवार को सोने में तेजी आई।÷ उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर में नरमी से भी विदेशी खरीदारों के लिए सोना अधिक आकर्षक बना। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ करीब 4,020 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब दो प्रतिशत चढ़कर 57 डॉलर प्रति औंस के आसपास पहुंच गई।

कोटक सिक्योरिटीज की सहायक उपाध्यक्ष (जिंस अनुसंधान) कायनात चैनवाला ने कहा कि अमेरिका-ईरान तनाव के बीच मध्यस्थता के प्रयास जारी रहने से बाजार पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव एक प्रमुख कारक बना हुआ है। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 85 डॉलर के स्तर को पार कर गया।

मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि निकट अवधि में सोना सीमित दायरे में रह सकता है और भू-राजनीतिक घटनाक्रम अल्पकालिक उतार-चढ़ाव को प्रभावित करेंगे, जबकि अमेरिकी मौद्रिक नीति सख्त रहने की संभावना से सोने में बड़ी तेजी सीमित रह सकती है।

## एचडीएफसी, एक्सिस बैंक में भारी बिकवाली से सेंसेक्स 443 अंक टूटा; निफ्टी 96 अंक नुकसान में




मुंबई, (भाषा)।

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। मार्जिन संबंधी दबाव को लेकर एचडीएफसी और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख बैंकों के शेयरों में बिकवाली के साथ अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से बीएसई सेंसेक्स 443 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी 96 अंक के नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 442.93 अंक यानी 0.57 प्रतिशत टूटकर 77,708.52 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 783.16 अंक टूटकर 77,368.29 अंक पर आ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 95.80 अंक यानी 0.39 प्रतिशत टूटकर 24,238.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में, एक्सिस बैंक सबसे अधिक नुकसान में रहा। बीते शनिवार को तिमाही नतीजों के बाद इसमें 5.48 प्रतिशत की गिरावट आई।

वहीं एचडीएफसी बैंक में 5.12 प्रतिशत की गिरावट आई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा, ''एचडीएफसी बैंक ने खासकर शुद्ध ब्याज मार्जिन के मोर्चे पर निराश किया है।'' मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही।

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में ट्रेंट, पावर ग्रिड, एनटीपीसी और भारती एयरटेल शामिल हैं। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। इसका कारण यह है कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी शेयरों की अगुवाई में बिकवाली के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया।''

उन्होंने कहा, ''एचडीएफसी बैंक में तेज गिरावट ने नुकसान को और बढ़ा दिया। उम्मीद से कमजोर शुद्ध ब्याज मार्जिन ने निवेशकों को निराश किया। इससे बैंक क्षेत्र और शेयर बाजार पर दबाव पड़ा।'' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 88.06 डॉलर प्रति बैरल पर पर रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम के टूटने से कच्चे तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। बाजार ने सतर्क रुख के साथ सप्ताह की शुरुआत की है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बढ़ते दबाव को दर्शाता है...।'' हालांकि, व्यापक बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट इंडेक्स 0.56 प्रतिशत और मिडकैप 0.39 प्रतिशत के लाभ में रहा। एशिया के अन्य बाजारों में, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी नुकसान में रहा। जापान के बाजार अवकाश के कारण बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में बढ़त का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को नुकसान में रहे थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 376.41 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 964.58 अंक चढ़ा था, जबकि एनएसई निफ्टी 261.55 अंक लाभ में रहा था।




विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# किरनापुर में युवाओं ने निकाली रैली, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## नीट समेत सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा एवं सर्व समाज संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आज किरनापुर क्षेत्र में छात्राओं और युवाओं का एक विशाल जन आंदोलन देखने को मिला।***

नीट सहित देश की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली और अनियमितताओं के विरोध में छात्राओं ने विरोध रैली निकाली और एसडीएम किरनापुर को सौंपा ज्ञापन।

### नारेबाजी के साथ निकली जन आक्रोश रैली..

आयोजित इस आंदोलन के तहत बड़ी संख्या में छात्राएं और युवा हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे।'परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाओ', 'छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बंद करो'। प्रत्येक विद्यार्थी को समान अवसर एवं न्याय पूर्ण परीक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए नौकरी भर्ती परीक्षा शुल्क फ्री निःशुल्क किया जाए, प्रदेश में बेरोजगारी दूर करने के लिए रोजगार के नए अवसर सरजीत किया जाए, शिक्षा का व्यापारीकरण बंद कर गरीब छात्रों को न्याय दिया जाए ,जैसे नारों से पूरा किरनापुर गुंजायमान हो उठा। प्रदर्शनकारी छात्राओं का कहना था कि दिन-रात मेहनत करने वाले मेधावी छात्रों के भविष्य के साथ बार-बार हो रहे इस प्रकार के खिलवाड़ से युवाओं का भरोसा टूट रहा है।










### प्रमुख मांगें :

परीक्षाओं में पारदर्शिताः नीट सहित अन्य सभी राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्ष जांच CBI से की जाए और संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। लगातार हो रही धांधली के लिए कड़ा कानूनः पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले गिरोह एवं दोषियों पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए।

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन..

रैली किरनापुर नगर के बस स्टैंड से निकाली गई जो कि किरनाई मंदिर सड़क मार्ग से गुजरी चौक पहुंची जहां पर स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। रैली आगे बढ़ते हुए रानी अवंती बाई चौक किरनापुर पहुंची जहां रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया किरनापुर मुख्य मार्गों होते हुए कावरे चौक व तहसील कार्यालय पहुंची, जहाँ राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा एवं सर्व समाज संगठन के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में युवाओं व छात्राओं ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) किरनापुर को ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों व युवा छात्राओं ने कहा कि यदि जल्द ही प्रतियोगी परीक्षाओं की निष्पक्षता बहाल करने हेतु ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह आंदोलन केवल तहसील स्तर तक सीमित न रहकर व्यापक रूप धारण करेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक, सर्व समाज के प्रतिनिधि व युवाओं सहित छात्राएं उपस्थित रहे।

# धमाकेदार आवाज के साथ तेज रफ्तार वाहनों से चौंक रहे लोग

### व्यस्त मार्गों में बड़ी, दुर्घटना की आशंका..

जगप्रेरणा लांजी।

***धर्मनगरी लांजी की सड़कों पर इन दिनों कुछ बुलेट और अन्य मोटरसाइकिल चालकों की लापरवाही आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है।***





मॉडिफाइड (कर्कश) सायलेंसर से निकलने वाली तेज धमाकेदार आवाज और तेज रफ्तार से दौड़ती बाइकों ने शहर का माहौल बिगाड़ दिया है। हालात ऐसे हैं कि सड़क किनारे चल रहे बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे अचानक तेज आवाज से घबरा जाते हैं, जबकि कई बार अन्य वाहन चालक भी चौंक जाने से दुर्घटना की स्थिति बन जाती है।

शाम के समय मुख्य बाजार, बस स्टैंड, अस्पताल मार्ग और अन्य व्यस्त क्षेत्रों में कुछ युवक तेज गति से बुलेट और अन्य बाइक दौड़ाते हुए स्टंटनुमा अंदाज में निकलते हैं। कर्कश सायलेंसर की आवाज न केवल ध्वनि प्रदूषण फैला रही है, बल्कि आम नागरिकों की शांति और सुरक्षा के लिए भी खतरा बनती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार अचानक तेज आवाज से छोटे बच्चे डर जाते हैं और बुजुर्गों को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे वाहन चालकों पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करने की मांग की है।

लोगों का कहना है कि बिना अनुमति मॉडिफाइड सायलेंसर लगाकर वाहन चलाना नियमों का उल्लंघन है और इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है।



### बोले थाना प्रभारी मुकेश दुबोलिया..

थाना प्रभारी मुकेश दुबोलिया ने कहा कि ऐसे बाइक चालकों की पहचान कर उनके विरुद्ध शीघ्र ही विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने, मॉडिफाइड सायलेंसर का उपयोग करने और तेज गति से वाहन चलाने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने नागरिकों से भी यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा अनावश्यक रूप से ध्वनि प्रदूषण फैलाने से बचने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि सड़क पर थोड़ी-सी लापरवाही भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए वाहन चालक स्वयं भी जिम्मेदारी निभाएं और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए नियमों के अनुरूप वाहन चलाएं।

# श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज में नशे से दूरी है जरूरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जगप्रेरणा लांजी।

***मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत श्री लक्ष्मीकांता कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, लांजी में विद्यार्थियों को नशे*** के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्त जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।




इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने युवाओं से न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में लांजी थाना से उपनिरीक्षक (एसआई) विधि पाण्डेय एवं थाना स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा। एसआई विधि पाण्डेय ने विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के जीवन को बर्बाद करने के साथ ही उसे कानूनी समस्याओं में भी उलझा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने, नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा उपस्थित सभी लोगों ने नशा न करने एवं समाज को नशामुक्त बनाने की सामूहिक शपथ ली।

साथ ही विद्यार्थियों को 'नशा मुक्ति मित्र' बनकर अपने आसपास के लोगों को जागरूक करने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने के लिए प्रेरित किया गया।

# 'नशे से दूरी है जरूरी'अभियानः 2.0 के तहत किरनापुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में ली गई नशे के खिलाफ शपथ

### आयोजित रैली में युवाओं को दिलाई गई शपथ..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज को व्यसनमुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'नशे से दूरी है जरूरी'***

अभियान के अंतर्गत किरनापुर में आयोजित एक रैली में जागरूकता अभियान के तहत पुलिसकर्मियों, गणमान्य नागरिकों, युवाओं और ग्रामीणों को नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।







### शपथ के मुख्य बिंदु..

**स्वयं नशे से दूर रहनाः** जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करना। **समाज में जागरूकता फैलानाः** अपने परिवार, दोस्तों और आसपास के लोगों को नशे के दुपरिणामों के प्रति सतर्क करना। **नशामुक्त वातावरण का निर्माणः** क्षेत्र को अपराधमुक्त और स्वस्थ बनाने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करना।

### किरनापुर थाना प्रभारी राजकुमार बोले..

'नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज को गर्त में धकेल देता है। अपराधों की एक मुख्य वजह नशा ही है। क्षेत्र को सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए हर नागरिक को इस अभियान से जुड़ना होगा।'

उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल और रचनात्मक कार्यों में लगाएं, न कि नशे की गिरफ्त में आकर अपना भविष्य बर्बाद करें।

### जनसहयोग की अपील..

कार्यक्रम के अंत में पुलिस प्रशासन की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया और जनसहयोग की अपील की गई।

# नगर शाखा किरनापुर जिला बालाघाट का पुनर्गठन सम्पन्न..

### मानव को मानव से जोड़ना दि बुद्धिस्ट सोसायटी का उद्देश्य-राजकपूर कामडे..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***भारतीय बौद्ध महासभा अर्थात दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के मप्र राज्य शाखा द.के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे जी के निर्देश से एवं बालाघाट जिला शाखा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम जी की***





अनुशंसा से तहसील शाखा किरनापुर के तत्वाधान में आज दिनांक 19 जुलाई 26 को नगर शाखा किरनापुर का पुनर्गठन (निर्वाचन) डॉ बाबासाहेब आंबेडकर सभागृह किरनापुर (परसा टोला) में सम्पन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि आद राजकपूर कामड़े जी प्रदेश सचिव जीकेंद्रीय शिक्षक, अध्यक्षता दुरेन्द्र सावनकर जी तह अध्यक्ष एवं बौद्धाचार्य माजी श्रांमनेर किरनापुर, विनय चौरे महासचिव बौद्धाचार्य माजी श्रामनेर, गौतम भीमटे तहसील कोषाध्यक्ष बौद्धाचार्य माजी श्रांमनेर एवं तहसील के प्रमुख पदाधिकारी की उपस्थिति में पुनर्गठन सम्पन्न हुआ जिसमें संगठन की प्रस्तावना आद राजकपूर कामड़े जी ने रखा और बताया कि बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा स्थापित भारतीय बौद्ध महासभा जो धार्मिक संगठन है और यह आज भारत के 24 राज्यों में कार्यरत है जिसका उद्देश्य समाज में समता प्रेम शांति और मानव को मानव से जोड़ने का अभियान है।

अपने उदबोधन में आद दुरेन्द्र सावनकर जी ने कहा कि आदर्श बौद्ध समाज की स्थापना और बौद्ध धम्म का प्रचार प्रसार है और संगठन ही समाज को जोड़ कर रख सकता है। और नगर कमेटी में सभी के माध्यम से धम्म कार्य निष्ठा से संकल्प किए जाने का संकल्प सभी ने लेकर संस्था की सदस्यता ग्रहण की तत्पश्चात मुख्य अतिथि राजकपूर कामडे जी के निर्देश पर तहसील अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर जो द्वारा किरनापुर नगर शाखा कार्यकारिणी की घोषणा की जिसमें अध्यक्ष एस. एल. घरडे महासचिव, प्रमोद नागवंशी, कोषाध्यक्ष, यादोराव रामटेके, उपाध्यक्ष-आर. के. शेडे सरसंस्कार विभाग-एन के मेश्राम-विजय रगारे समता सैनिक दल, विनोद भीमते, जेपी रामटेके, फनेद्व मेश्राम, सोनू मेश्राम, सचिव-शैलेश नागवंशी, तिलकचंद बोरकर, कार्यालीन सचिव रत्नेश मेश्राम, संगठक-मनीष भीमटे योगराज वानखेड़े, शांतिलाल गेडाम, मुन्नालाल नागवंशी, ओ आर मेश्राम, कमलेश मेश्राम विभिन्न पदों पर सभी पदाधिकारी को चयनित किया गया और सभी को शुभेच्छा दिया गया।

इस पुनर्गठन प्रकिया में क्षेत्र के भारी संख्या में अनुयायि कार्यकर्ता शामिल थे। उक्त जानकारी किरनापुर के महामंत्री विनय चौरे द्वारा दी गई

# शराब दुकान के समीप सब्जी मंडी में खुशी संस्था ने बताए नशे के दुष्परिणाम

### परिवार में बर्बादी के साथ समाज में मिलता है अपमान..

जगप्रेरणा लांजी।

देशभर में संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत सोमवार को लांजी में खुशी समाजसेवी संगठन ने एक सराहनीय पहल करते हुए सब्जी मंडी स्थित शराब दुकान के समीप स्थानीय नागरिकों को नशामुक्त जीवन जीने का संकल्प दिलाया।





प्रतीकात्मक रूप से शराब दुकान के सामने आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को यह संदेश देना था कि नशा किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए विनाश का कारण है। कार्यक्रम के दौरान संगठन की अध्यक्ष मंजु भालाधरे ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, मस्तिष्क और सामाजिक जीवन पर गहरा दुष्प्रभाव डालता है। शराब, तंबाकू और अन्य मादक पदार्थों के सेवन से शरीर के महत्वपूर्ण अंग धीरे-धीरे क्षतिग्रस्त होने लगते हैं, सोचने-समझने की क्षमता प्रभावित होती है तथा पारिवारिक संबंधों के साथ आर्थिक स्थिति भी बुरी तरह प्रभावित होती है।

युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति उनके भविष्य, शिक्षा और रोजगार पर भी गंभीर संकट पैदा कर रही है। संगठन के सदस्यों ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने बताया कि नशे की लत कई बार मानसिक अवसाद, गंभीर बीमारियों, सड़क दुर्घटनाओं और ओवरडोज जैसी घटनाओं का कारण बनती है, जिससे व्यक्ति की असमय मृत्यु तक हो सकती है। इस अवसर पर सभी उपस्थित नागरिकों को नशामुक्त भारत के निर्माण की शपथ दिलाई गई। साथ ही यह भी जानकारी दी गई कि यदि कोई व्यक्ति या उसका परिचित नशे की लत से बाहर निकलना चाहता है, तो भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की सहायता लेकर नई शुरुआत की जा सकती है।

कार्यक्रम में मंजु भालाधरे (अध्यक्ष), दुर्गा मिश्रा, रीता अग्रवाल, आसमा तिवारी, आरोही श्रीवास, सुनीता मेश्राम, शिवानी भालाधरे, तरुण भालाधरे, विनोद मुरकुटे एवं दीपांकर भार्गव सहित संगठन के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जन-जागरूकता का संदेश दिया। खुशी समाजसेवी संगठन ने कहा कि उसका उद्देश्य केवल सामाजिक सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता और जनहित से जुड़े मुद्दों पर समाज को सकारात्मक दिशा देना भी है। संगठन ने भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता अभियानों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी नही होनी चाहिए.. कलेक्टर मृणाल मीना

## टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिये विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश एवं चेतावनी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***20 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा (टीएल) बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने समय सीमा संबंधी प्रकरणों की समीक्षा कर उनके निराकरण के निर्देश दिये।***

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

### उर्वरक वितरण एवं खरीफफसलों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने सर्वप्रथम किसानों को उर्वरक वितरण एवं उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की। इस दौरान उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जिले में वर्तमान में 8861 मीट्रिक टन यूरिया, 106 मीट्रिक टन डीएपी, 9178 मीट्रिक टन एनपीके एवं 3806 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। अगले 01 सप्ताह में लगभग 05 हजार मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक जिले को प्राप्त होने की संभावना है। किसानों को ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक का वितरण किया जा रहा है। जिले में उर्वरक की कमी नही है। उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जिले में 03 लाख 14 हजार हे. क्षेत्र में खरीफफसले लगाने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 01 लाख 16 हजार हे. क्षेत्र में खरीफफसले लगायी जा चुकी है।

### उर्वरक वितरण में परेशानी न हो, 48 घंटे में मिले खाद

कलेक्टर श्री मीना ने इस दौरान उपसंचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी को सख्त निर्देश दिये कि किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी नही होनी चाहिए। जिले में किसी भी क्षेत्र से उर्वरक के लिए किसानों के लाईन में लगे होने की सूचना नही मिलना चाहिए। किसानों को ई-टोकन जनरेट होने के बाद 48 घंटे के भीतर उर्वरक मिल जाना चाहिए। जिला विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सहकारी समितियों में उर्वरक पहुंचते ही उसकी आईडी शीघ्रता से जनरेट कराये, जिससे सहकारी समिति पीओएस मशीन के माध्यम से ई-टोकन वाले किसानों को उर्वरक का त्वरित वितरण कर सके।

### जर्जर स्कूल भवनों की सूची शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समन्वयक को निर्देशित किया कि वे अपने अधीनस्थ जर्जर भवनों की सूची शीघ्रता से प्रस्तुत करें और यह सुनिश्चित करे कि किसी भी जर्जर भवन में शाला की कक्षाएँ और छात्रावास संचालित न किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शालाओं का सांदीपनि विद्यालय में संविलयन हो चुका है, उनके शाला भवनों की सूची जिला कार्यालय को उपलब्ध कराये, जिससे ऐसे भवनो का उपयोग अन्य विभागो द्वारा किया जा सके।

### बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल-पुलियों की मरम्मत के निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक ईकाइ, सडक विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि हाल के दिनों में वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए पुल-पुलियों एवं सडको की शीघ्र मरम्मत कराये, जिससे आवागमन सुव्यवस्थित तरीके से हो सके। इसी प्रकार पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर बिजली के वायर नीचे लटक रहे है और जिनसे दुर्घटना की आशंका है उन्हें शीघ्रता से व्यवस्थित कराये।

### राशन ई-केवाईसी, आंगनवाड़ी भवन और जल स्रोतों की सफाई पर जोर

जिला आपूर्ति अधिकारी को राशन प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं की ईकेवायसी का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। पीएम जनमन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आंगनवाडी केंद्रो के भवनो का कार्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जल स्त्रोतो एवं पानी की टंकियों की नियमित रूप से सफाई कराये और उसके फोटो पोर्टल पर अपलोड करें। इस दौरान नगर पालिका बालाघाट के जल शोधन संयंत्र के प्रभारी के विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए।

### स्वरोजगार एवं कृषि-पशुपालन योजनाओं में ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश

बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंक से ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए और कहा गया कि ऐसे प्रकरणों में हर सप्ताह ऋण वितरण की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाए को निर्देशित किया गया कि दुग्ध उत्पादन बढाने के लिए पशुपालन संबंधी योजनाओं में अधिक से अधिक पशु पालको के ऋण प्रकरण तैयार कर बैंक से ऋण उपलब्ध कराये। इसी प्रकार अक्षय ऊर्जा अधिकारी को कुसुम-बी योजना के अंतर्गत सोलर पंप के लिए अधिक से अधिक किसानों को ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए। अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि वे सभी बैंको से समन्वय कर शासकीय योजनाओ में तत्परता के साथ ऋण वितरण कराये।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना एवं फसल बीमा की समीक्षा

बैठक में सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत कृषि विभाग से प्राप्त प्रकरणों की जांच कर उसकी रिपोर्ट शीघ्रता से प्रस्तुत करे और कोई भी प्रकरण अनावश्यक लंबित न रहने दे। उपसंचालक कृषि को भी निर्देशित किया गया कि कृषि कार्य के दौरान दुर्घटना में मृत किसानों के प्रकरण शीघ्रता से तैयार कर जांच के लिए एसडीएम कार्यालय भिजवाए। बैठक में उपसंचालक कृषि एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि 31 जुलाई तक जिले के अधिक से अधिक किसानों का फसल बीमा करवाये।

### खुले कुओं, ट्यूबवेल और बोरवेल को ढकने के निर्देश

कलेक्टर श्री मीना ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में खुले मुंह वाले कुए, ट्यूबवेल एवं बोरवेल की जनसुरक्षा के लिए लोहे की जाली या अन्य सामग्री से ढकने की व्यवस्था करवाये। यह व्यवस्था संबंधित कुएँ, ट्यूबवेल एवं बोरवेल के मालिक को करनी होगी, जिससे इनमें किसी तरह की दुर्घटना न हो और जनहानि न हो सके। यदि खुले कुए, ट्यूबवेल या बोरवेल में कोई दुर्घटना होगी तो उसके लिए उसके मालिक को जिम्मेदार माना जाएगा और उस पर कार्यवाही की जाएगी।

### आईटीआई, डाईट भूमि संरक्षण और लंबित प्रकरणों के निराकरण पर जोर

बैठक में आईटीआई बालाघाट एवं डाईट के प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि भवन निर्माण के लिए उन्हें आवंटित की गई शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न होने दे। बैठक में सीएम हेल्पलाईन और लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और इनका तत्परता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये गए।

# विधायक मधु भाऊ भगत ने विधानसभा में उठाया बालाघाट जिले के चावल घोटाले का मुद्दा



जगप्रेरणा बालाघाट/भोपाल।

***मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाऊ भगत ने बालाघाट जिले में सामने आए कथित करोड़ों रुपये के चावल गायब होने के मामले को विधानसभा में***

नियम 138(1) के तहत ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से प्रमुखता से उठाया। उन्होंने इस पूरे मामले को अत्यंत गंभीर सार्वजनिक महत्व का बताते हुए सरकार से विस्तृत जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में विधायक भगत ने उल्लेख किया कि वर्ष 2025 में केंद्र सरकार की एथेनॉल नीति के तहत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) एवं सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (सीडब्ल्यूसी) के गोदामों में रखे पुराने एवं क्षतिग्रस्त चावल को एथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग करने की अनुमति दी गई थी।

इसी योजना के अंतर्गत बालाघाट जिले के विभिन्न गोदामों से छिंदवाड़ा स्थित एथेनॉल प्लांट के लिए लगभग 16,500 क्विंटल चावल जारी किया गया था तथा अन्य एथेनॉल प्लांटों के लिए भी निर्धारित मात्रा में चावल उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए थे। ध्यानाकर्षण सूचना के अनुसार, उपलब्ध दस्तावेजों और प्रारंभिक जानकारी से यह सामने आया कि एथेनॉल प्लांट के लिए जारी किए गए चावल में से लगभग 15 से 20 ट्रक चावल छिंदवाड़ा पहुंचने के बजाय रास्ते में ही गायब हो गए। विधायक ने यह भी कहा कि कुछ गोदामों से अब तक 44 ट्रकों का चावल एथेनॉल प्लांट तक नहीं पहुंचा है, जिससे पूरे मामले में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और संगठित भ्रष्टाचार की आशंका प्रबल हो गई है।

विधायक भगत ने आरोप लगाया कि यह केवल परिवहन में अनियमितता का मामला नहीं, बल्कि सरकारी चावल की हेराफेरी का एक बड़ा नेटवर्क प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गायब किया गया चावल छिंदवाड़ा भेजने के बजाय बालाघाट, वारासिवनी, खमरिया, गोंदिया सहित विभिन्न राइस मिलों में पहुंचाया गया। वहां गरीबों को वितरित होने वाले चावल को एथेनॉल प्लांट में भेजे जाने योग्य बताकर कम कीमत पर खरीदा गया और बाद में उसकी अदला-बदली कर शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।

ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया कि एथेनॉल प्लांट के लिए निर्धारित चावल की जगह सामान्य धान की मिलिंग कर उसी चावल को वापस सरकारी व्यवस्था में भेज दिया गया, जबकि उच्च गुणवत्ता वाले चावल को खुले बाजार में अधिक कीमत पर बेच दिया गया। इस पूरे कथित खेल से जुड़े लोगों ने परिवहन और खरीद-बिक्री के माध्यम से अवैध लाभ अर्जित किया तथा शासन को करोड़ों रुपये की क्षति पहुंचाई।

विधायक मधु भाऊ भगत ने सरकार से मांग की कि 44 ट्रकों के चावल की संपूर्ण जांच कराई जाए, परिवहन व्यवस्था, संबंधित राइस मिलों, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से जुड़े सभी नेटवर्क, परिवहनकर्ताओं, वेयरहाउसों तथा कथित मास्टरमाइंड की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई करते हुए पूरे मामले का पर्दाफाश करने की मांग भी विधानसभा में रखी। बालाघाट जिले के बहुचर्चित चावल घोटाले का मुद्दा विधानसभा में उठने के बाद अब इस मामले की जांच और सरकार की आगामी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। यदि विधायक द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है, तो यह प्रदेश के सार्वजनिक वितरण प्रणाली और एथेनॉल नीति से जुड़े सबसे बड़े खाद्यान्न घोटालों में से एक साबित हो सकता है।

# बैहर एसडीएम का अतिरिक्त प्रभार परसवाड़ा एसडीएम श्रीश प्यासी को सौंपा गया..

जगप्रेरणा बैहर।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को देखते हुए एसडीएम बैहर का अतिरिक्त प्रभार श्री श्रीश प्यासी को सौपने के आदेश जारी किये है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बैहर श्री अर्पित गुप्ता को नई दिल्ली के द्वारका स्थित भारतीय***

लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (द्धद्धद्धष्ठश्वरू) में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निर्देशित किया गया है। यह प्रशिक्षण 20 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा। प्रशिक्षण में शामिल रहने के दौरान बैहर अनुविभाग के प्रशासनिक एवं राजस्व कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए कलेक्टर श्री मीना द्वाराअनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), परसवाड़ा श्री श्रीश प्यासी को अपने वर्तमान कार्यो के साथ-साथ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बैहर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया खुरसोड़ी एवं धनसुआ के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण..

## विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का लिया जायजा





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट की विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोनिका पटेल ने सोमवार 20 जुलाई को शासकीय हाई स्कूल खुरसोडी एवं शासकीय उमावि धनसुआ का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।***

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन किया तथा शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान श्रीमती पटेल ने विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर का आकलन किया और आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन तथा सतत अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों को ÷हमारे शिक्षक÷ ऐप पर ई-अटेंडेंस (द्द7ह्लद्द्ठह्रस्रड्ढठ्ठष्द्ध) समय पर एवं नियमित रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिल वितरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित प्राचार्यों को शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्राचार्यों एवं शिक्षकों द्वारा रखी गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण का आश्वासन दिया।

श्रीमती मोनिका पटेल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों की आधारशिला है।

उन्होंने बताया कि विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने और व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आगामी समय में भी नियमित निरीक्षण जारी रहेंगे।

# नहर काटकर खेतों में छोड़ा जा रहा पानी, किसान की फसल हो रही बर्बाद

## कार्रवाई नहीं होने से किसान ने सिंचाई विभाग पर लगाए लापरवाही के आरोप





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***परसवाड़ा विकासखंड के ग्राम कटंगा में सीकरी नहर के कटाव को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है। गांव के किसान भजनलाल चौधरी ने आरोप लगाया है कि कुछ किसानों***

द्वारा बार-बार नहर काटकर पानी खेतों की ओर मोड़ा जा रहा है, जिससे उनकी कृषि भूमि और फसल को भारी नुकसान पहुंच रहा है। भजनलाल चौधरी के अनुसार हर बार नहर का कटाव कर पानी उनके खेतों के ऊपर से प्रवाहित किया जाता है, जिसके कारण बोई गई फसल चौपट हो जाती है। उन्होंने बताया कि समस्या से सिंचाई विभाग को पिछले कई वर्षों से लगातार अवगत कराया जा रहा है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। इसके चलते उन्हें कई बार अपने निजी खर्च पर नहर के कटे हुए हिस्से की मरम्मत करानी पड़ी है।

किसान का कहना है कि संबंधित स्थान पर कोई अधिकृत सरकारी कुलपा (आउटलेट) नहीं है, इसके बावजूद कुछ लोग नहर को नुकसान पहुंचाकर पानी निकालते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभागीय लापरवाही के कारण यह समस्या अब विवाद का रूप ले चुकी है।

भजनलाल चौधरी ने सिंचाई विभाग के एसडीओ को भी मामले की जानकारी दी है। उन्होंने मांग की है कि सरकारी नहर को क्षति पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा सीकरी नहर के कटाव को स्थायी रूप से बंद कराया जाए, ताकि भविष्य में फसलों को नुकसान न पहुंचे।

किसान ने कहा कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ खेती करना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन और सिंचाई विभाग से शीघ्र हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल होने 33 जातियां एकजुट, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र जैन को सौंपा ज्ञापन..

## 29-31 जुलाई को दिल्ली में होगा धरना..



जगप्रेरणा आमगांव।

*वर्ष 2004 से अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्षरत लोधी समाज तथा महाराष्ट्र की 33 अन्य जातियों ने केंद्र की*

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल किए जाने की मांग को लेकर अपने आंदोलन को तेज कर दिया है। अलग-अलग संघर्ष करने के बजाय अब सभी 33 जातियां 'ओबीसी महाराष्ट्र कृती समिति' के बैनर तले एकजुट होकर संयुक्त रूप से प्रयास कर रही हैं। इसी क्रम में समिति एवं लोधी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त राज्यसभा सांसद राजेन्द्र जैन से मुलाकात कर उन्हें एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन स्वीकार करते हुए सांसद जैन ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे इस विषय पर जल्द ही समाज कल्याण मंत्री श्री खटीक से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा करेंगे।

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में बनी रणनीति..

14 जून को नागपुर स्थित रवि भवन में ओबीसी महाराष्ट्र कृती समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में सर्वसम्मति से लोधी समाज के प्रतिनिधि इंजी. राजीव ठकरेले को विशेष सभासद नियुक्त किया गया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संसद सत्र शुरू होने से पहले विभिन्न क्षेत्रों के सांसदों को उनके निर्वाचन क्षेत्रों में ज्ञापन सौंपकर इस मुद्दे पर राजनीतिक एवं सामाजिक दबाव बनाया जाएगा। राज्यसभा सांसद राजेन्द्र जैन को सौंपा गया ज्ञापन इसी अभियान का हिस्सा है।

## 29 से 31 जुलाई तक दिल्ली में होगा महा-आंदोलन..

20 जुलाई से प्रारंभ हो रहे संसद सत्र के दौरान अपनी मांगों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के उद्देश्य से समिति ने दिल्ली में तीन दिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और चर्चा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। 29 से 31 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस आंदोलन में लोधी समाज की ओर से लोधी अधिकार जन आंदोलन के प्रणेता इंजी. राजीव ठकरेले, आलोक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतलाल दमाहे (तुमसर) तथा सुनील नागपुरे (भंडारा) समाज का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## ज्ञापन सौंपते समय ये रहे उपस्थित..

राज्यसभा सांसद को ज्ञापन सौंपने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में लोधी समाज एवं ओबीसी कृती समिति के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें लोधी समाज गोंदिया के जिला अध्यक्ष कुंदन कटारे, आलोक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतलाल दमाहे, महाराष्ट्र ओबीसी कृती समिति के राधेश्याम नागपुरे, अवंतीबाई लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव नागपुरे, लोधी अधिकार जन आंदोलन के प्रणेता इंजी. राजीव ठकरेले तथा पंचायत समिति गोंदिया के उपसभापति नीरज उपवंशी प्रमुख रूप से शामिल थे।

इसके अलावा युवा जिलाध्यक्ष अतुल शेंडे, तालुका युवा अध्यक्ष सोमेश उपवंशी, युवा शहर अध्यक्ष विवेक मस्करे, तालुका उपाध्यक्ष प्रवीण धामडे, युवा तालुका सचिव शुभम नागपुरे, सुमित माहुले, सुनील उर्फ बंडू नागपुरे, अशोक बघेले, महेंद्र बघेले, गंगाराम कापसे, उमाप्रसाद उपवंशी सहित बड़ी संख्या में लोधी समाज एवं अन्य ओबीसी समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# शिरपुर में 13 वर्षीय मासूम बच्ची से छेड़छाड़, 34 वर्षीय आरोपी पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज



जगप्रेरणा देवरी।

*खेल रही एक नाबालिग बच्ची को बहाने से घर बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ (विनयभंग) करने की आक्रोशजनक घटना देवरी तहसील के शिरपुर में 19 तारीख को सामने आई है। इस मामले में देवरी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई*

करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया है और उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता **(BNS)** और पोक्सो **(POCSO)** एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम संतोष झाडूजी पंधरे (उम्र 34 वर्ष, निवासी शिरपुर, तहसील देवरी, जिला गोंदिया) है।

## आखिर क्या है पूरी घटना?

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार 19 जुलाई की सुबह करीब 11:30 बजे शिकायतकर्ता की नाबालिग बेटी घर के बाहर अपनी सहेली के साथ खेल रही थी। इसी दौरान आरोपी संतोष पंधरे ने पीड़ित बच्ची को साबुन लाकर देने के बहाने अपने घर बुलाया। जब बच्ची दुकान से साबुन लाकर दे चुकी, तो आरोपी ने उससे अपने हाथ पर मलहम लगाने को कहा।

पीड़ित बच्ची जब मासूमियत से मलहम लगा रही थी, तभी आरोपी संतोष ने अचानक उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और उसे खाट पर गिरा दिया। उसने उसे कसकर पकड़ लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। लेकिन बच्ची ने आरोपी के हाथ पर काट लिया और वहां से भाग निकली। इस दौरान आरोपी ने बच्ची को पैसे का लालच भी दिया और कहा कि 'यह बात किसी को मत बताना' और उसके साथ छेड़छाड़ की।

## पुलिस में मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार..

इस मामले में देवरी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 'भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 (महिला से छेड़छाड़ से संबंधित) और बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) की धारा 8 और 12' के तहत मामला दर्ज किया है।

मामला दर्ज होते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी संतोष पंधरे को हिरासत में ले लिया है। इस मामले की आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक **(PSI)** मिलिंद गेडाम कर रहे हैं। इस घटना के कारण इलाके में भारी आक्रोश देखा जा रहा है और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# ओबीसी महिला विंग कार्यकारी समिति पर महाराष्ट्र प्रदेश से जिप सदस्य विमल कटरे की नियुक्ति..

## गोंदिया जिले सहित सालेकसा तहसील के लिये के लिए बड़ा खुशी का पल..



जगप्रेरणा आमगांव।

**AICC OBC** कांग्रेस द्वारा 9 मार्च 2026 को **AICC** मुख्यालय, इंदिरा भवन में आयोजित ऐतिहासिक **OBC** महिला सम्मेलन, पिछड़े और अति पिछड़े समुदायों की महिलाओं के सामाजिक न्याय, सम्मान और राजनीतिक प्रतिनिधित्व के संघर्ष में एक महत्वपूर्ण पड़ाव था।

इस सम्मेलन में देश भर के विभिन्न राज्यों और समुदायों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राहुल गांधी ने इसे संबोधित किया। उन्होंने सामाजिक न्याय और समावेशी प्रतिनिधित्व के प्रति भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया।

भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा होने के बावजूद, **OBC**और अति पिछड़े समुदायों की महिलाएँ मुख्यधारा की राजनीतिक प्रक्रिया से काफी हद तक बाहर रही हैं। जहाँ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू किए गए संवैधानिक सुधारों ने स्थानीय स्व-शासन संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को मजबूत किया, वहीं विधायिकाओं में **OBC** महिलाओं के उचित प्रतिनिधित्व का मुद्दा अभी भी एक अधूरा एजेंडा बना हुआ है।

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने लगातार 'आरक्षण के भीतर आरक्षण' की मांग की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पिछड़े समुदायों की महिलाओं को महिला आरक्षण के ढांचे में उनका उचित हिस्सा मिले। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी जी ने संसद में इस मुद्दे को मजबूती से उठाया है, जबकि श्री राहुल गांधी जी ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि सामाजिक न्याय केवल समान राजनीतिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से ही हासिल किया जा सकता है राहुल गांधी जी ने देशव्यापी जाति जनगणना की मांग का भी लगातार समर्थन किया है।

उनका मानना है कि देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं में **OBC** और अन्य वंचित समुदायों की निष्पक्ष और आनुपातिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उनकी आबादी और प्रतिनिधित्व का सही आकलन आवश्यक है। इसी भावना के साथ, **OBC** महिला सम्मेलन की जबरदस्त सफलता के बाद **AICC OBC** कांग्रेस का **OBC** महिला विंग गठित करने का निर्णय लिया गया।

इस पहल का उद्देश्य पिछड़े और वंचित समुदायों की महिला नेताओं की पहचान करना, उन्हें तैयार करना और उन्हें आगे बढ़ाना है इस महिला विग पर समुचे देश के विभिन्न प्रदेशों छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश राजस्थान दिलली गुजरात पंजाब महाराष्ट्र से कुल 24 महिला सदस्य की नियुक्ति की गई है जिसमें महाराष्ट्र राज्य से दो महिला की नियुक्ति की गई है

जिसमें मुलताह सालेकसा तहसील निवासी गोंदिया जिप सदस्य संघर्षशील नेता के रुप पहचाने जाने वाली विमल कटरे को महाराष्ट्र राज्य से सदस्य के रुप नियुक्त किया गया है उनकी यह नियुक्ति न गोंदिया जिले के लिए सालेकसा तहसील के लिए सभी कांग्रेस पदाधिकारियों सहित जिप सदस्य पंचायत समिती सदस्य सरपंच सदस्य सभी ने उनकी नियुक्ति पर उनका अभिनंदन किया है।

# सामाजिक, शैक्षणिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विविध कार्यक्रमों के साथ सांसद डॉ. नामदेवरावजी किरसान का जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया..







जगप्रेरणा गोरेगांव।

*श्री गुरुदेव आदिवासी शिक्षा प्रसारक मंडल, गोविंदपुर के अध्यक्ष तथा गढ़चिरौली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. नामदेवरावजी किरसान का जन्मदिवस संस्था के*

अंतर्गत संचालित सभी शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक, शैक्षणिक एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विविध कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

इस अवसर पर वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण जागरूकता, विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी मार्गदर्शन, शुभकामना समारोह तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने वाले अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

यह कार्यक्रम आदिलोक विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय, बोलुंडा, आदिलोक महिला बी.एड. महाविद्यालय, गोरेगांव, आदिलोक अध्यापक विद्यालय, गोरेगांव, किरसान मिशन स्कूल, गोरेगांव, किरसान मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गणखैरा, किरसान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, गणखैरा तथा किरसान मिशन स्कूल, चोपा/कालीमाटी में उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। सभी संस्थानों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने सांसद डॉ. नामदेवरावजी किरसान के शिक्षा, समाजसेवा तथा आदिवासी समाज के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉ. किरसान के नेतृत्व में संस्था ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनमें संस्कार, अनुशासन, सामाजिक चेतना और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में गोंदिया जिला कांग्रेस के महासचिव रामसिंह चौहान, जिला कांग्रेस के सचिव इसुलाल भालेकर, आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट दुष्यंत किरसान, संस्था के सचिव सुभाष चुलपार, प्राचार्य वैद्य सर, प्राचार्य विनोदजी, प्राचार्य अनिलकुमार राव, प्राचार्या कविता येडे, प्राचार्य दिलीप कोल्हे सहित संस्था के सभी प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, विद्यार्थी, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने सांसद डॉ. नामदेवरावजी किरसान को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर जनसेवा के लिए मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था के सभी प्राचार्यों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

# ईवीएम मशीन से हुआ छात्र परिषद का चुनाव, विद्यार्थियों ने लोकतंत्र का दिया संदेश..








जगप्रेरणा गोरेगांव।

*18 जुलाई: किरसान्स मिशन स्कूल एंड जूनियर कॉलेज, गोरेगांव में शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के छात्र परिषदका चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के माध्यम से उत्साहपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।*

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं लोकतांत्रिक भावना के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, अनुशासन तथा लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना है। ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में नेतृत्व और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के लिए व्यापक रूप से अपनाई जाती हैं। मतदान प्रक्रिया विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं चुनाव समिति की देखरेख में पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई। मतदान के पश्चात मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए।

## चुनाव परिणाम इस प्रकार रहे..

**स्कूल मॉनिटर:** निहाल के. रहांगडाले। **वाइस स्कूल मॉनिटर:** पूर्वा जी. बघेले। **सांस्कृतिक मॉनिटर:** स्नेहल एल. बोपचे। **उप सांस्कृतिक मॉनिटर:** हिमांशु वी. कटरे। **अनुशासन मॉनिटर:** भावना एस. त्रिपाठी। **उप अनुशासन मॉनिटर:** समीर जी. करंजेकर। **क्रीड़ा मॉनिटर:** साईचरण पलकरवार। **उप क्रीड़ा मॉनिटर:** रितिका काठेवार। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कविता एच. येडे मॅम, सभी शिक्षक व शिक्षककेत्तर कर्मचारी यों ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं खेलों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। उन्होंने सभी विद्यार्थियों की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की सराहना की तथा इसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने भी विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिसर में चुनाव प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर उत्साह का वातावरण रहा।

# अगर आप सड़क पर कीचड़ से सना ट्रैक्टर लाते हैं तो सावधान रहें - थानेदार जनार्दन हेगड़कर की चेतावनी

## किसानों और ट्रैक्टर ड्राइवरों को हिदायत; नहीं तो दंडात्मक वाली कार्रवाई होगी..



जगप्रेरणा आमगांव।

चिचगढ़ पुलिस ने अब उन ट्रैक्टर ड्राइवरों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई की है जो मॉनसून के दौरान खेतों से सीधे मेन रोड पर कीचड़ से सने ट्रैक्टर लाकर सड़कों को नुकसान पहुंचाते हैं चिचगढ़ पुलिस स्टेशन के थानेदार जनार्दन हेगड़कर ने कहा, 'अगर आप सड़क पर कीचड़ से सना ट्रैक्टर लाते हैं तो सावधान रहें, नियम तोड़ने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी।' मॉनसून के दौरान खेती का काम तेज़ी से होने की वजह से ट्रैक्टरों का इस्तेमाल काफ़ी बढ़ गया है। हालांकि, कई ड्राइवर खेतों से निकलते समय ट्रैक्टर के पहियों से कीचड़ हटाए बिना ही मेन रोड पर आ जाते हैं, जिससे डामर और सीमेंट की सड़कों पर कीचड़ जमा हो जाता है और सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं। इस वजह से, टू-व्हीलर सवारों के गिरने और दुर्घटना होने का खतरा बढ़ रहा है, जिससे लोगों की सुरक्षा का मुद्दा उठ रहा है।

## बोले थानेदार जनार्दन हेगड़कर..

इस बारे में थानेदार जनार्दन हेगड़कर ने कहा, 'खेती का काम ज़रूरी है; लेकिन किसी को भी दूसरों की जान से खेलने का हक़ नहीं है। खेत से निकलते समय, मेन रोड पर आने से पहले ट्रैक्टर के पहिए साफ़ करने चाहिए। मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक, निर्देशों के बावजूद नियम तोड़ने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई होगी। ज़रूरत पड़ने पर ट्रैक्टर पर जप्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी।'

पुलिस प्रशासन ने तहसील की ग्राम पंचायतों को लोगों में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए हैं और गांवों में दावंड़ी देकर किसानों और ट्रैक्टर ड्राइवरों को चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस टीमें अगले हफ़्ते से मेन रोड और खेतों में खास इंस्पेक्शन कैंपेन चलाएंगी।

इस बीच, सड़कों को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस के इस कदम का लोगों में स्वागत हो रहा है, और यह प्रतिक्रिया भी आ रहा है कि दुर्घटना रोकने के लिए यह कार्रवाई ज़रूरी है।

## क्या है कानून?

मोटर व्हीकल एक्ट के सेक्शन 184 के मुताबिक, पब्लिक रोड को खतरनाक बनाना सज़ा का हक़ है। पब्लिक प्रॉपर्टी को नुकसान पहुँचाने पर भी एक्शन लिया जा सकता है। नियम तोड़ने वालों पर 500 रू. से 2,000 रू. तक का जुर्माना या दूसरी कानूनी कार्रवाई का प्रोविज़न है।

## ट्रैक्टर ड्राइवर किन बातों का ध्यान रखें?

खेत से निकलते समय ट्रैक्टर के पहिए और टायर साफ़ करें। सड़क पर कीचड़ न फैलने दें। ध्यान रखें कि दूसरों की जान खतरे में न पड़े। साफ़और सुरक्षित सड़कें ही असली ज़िम्मेदारी हैं। 'सड़क सबकी है, इसे साफ़ रखना सबकी ज़िम्मेदारी है।' कीचड़ से सना ट्रैक्टर सड़क पर लाने पर दंडात्मक कार्रवाई का एक्शन लिया जाएगा। नोटिस देने के बावजूद नियम तोड़ने वाले ट्रैक्टरों को ज़ब्त करने की कार्यवाही। ग्राम पंचायतों को पब्लिक अवेयरनेस के लिए निर्देश, गाँवों में दवंडी देकर किसानों को चेतावनी दी जाए।

## राशन दुकानदारों को छह महीने से कमीशन नहीं मिला है..

जगप्रेरणा देवरी।

तालुका में सस्ते राशन दुकानदारों का कमीशन छह महीने से बकाया है। इस वजह से दुकानदार पैसे की तंगी में हैं।सरकार से कमीशन न मिलने से दुकानदारों में बहुत गुस्सा है। जानकारी के लिए बता दें कि संबंधित अधिकारियों से बार-बार बात करने के बाद भी अभी तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। देवरी तालुका में कुल करीब 131 सस्ते राशन दुकानदारों की दुकानें हैं। कुछ दुकानें कोऑपरेटिव सोसाइटी और महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप से भी जुड़ी हुई हैं। जो सरकार के पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का अहम हिस्सा बनकर नागरिकों को सही दाम पर अनाज देने का अहम काम करती हैं। राशन दुकानदारों को हर किलो राशन पर 1.50 रुपये कमीशन मिलता है। लेकिन, पिछले छह महीने से कमीशन न मिलने की वजह से इन सभी दुकानदारों पर बहुत बड़ा आर्थिक बोझ आ गया है। दुकानदारों के लिए अपने घर का खर्च, दुकान का किराया, बिजली का बिल और दूसरे रोज़ के खर्चे निकालना मुश्किल हो गया है। लेकिन, सरकार पर तालुका के सस्ते राशन दुकानदारों का छह महीने का कमीशन बकाया है। तालुका के सस्ते राशन दुकानदारों ने मांग की है कि कमीशन तुरंत बांटा जाए।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा
● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# मोदी सरकार मे छात्र छात्राओ और देश का भविष्य सुरक्षित नही - सचिन शेंडे

## गोंदिया मे कॉकरोच जनता पार्टी के केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर गोंदिया मे हुआ भव्य प्रदर्शन..

### बड़ी संख्या मे छात्र छात्राएं रहे उपस्थित..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***नीट परीक्षा में धांधली तथा दोबारा नीट परीक्षा लिये जाने की स्थिति निर्मित होने से देश के नीट परीक्षार्थियों में भारी आक्रोश है, तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की***

मांग कर रहे हैं, वहीं आज पुरे देश में सोनम वांगचुंक एवं अभिजीत दीपके के समर्थन में गोंदिया जिला मुख्यालय के प्रशासनिक भवन आंबेडकर चौक पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रदर्शन किया, वहीं प्रदर्शन में छात्र छात्राओं की मांग को समर्थन देने के लिये गोंदिया नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे, शिवसेना (उबाठा) के जिलाध्यक्ष पंकज यादव, हरीश तुलसकर, हर्षल पवार, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अमन तिगाला, योगेश अग्रवाल, आंदोलन समिति के अतुल सतदेवे, सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं, महिलाएं पुरष उपस्थित थे। इस प्रदर्शन में शामिल आंदोलनकारियों ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के विरोध-प्रदर्शन की मांगों का समर्थन किया, तथा नीट पेपर लीक मामले और आत्महत्या करने वाले छात्रों के लिए न्याय की मांग करते हुए सरकार के रवैये की निंदा की, तथा सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल पर दमनकारी नीति अपनाये जाने की निंदा की। इस अवसर पर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपविभागीय अधिकारी चंद्रभान खंडाईत को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि सोनम वांगचुक और अभिजीत दीपके के स्वास्थ्य व सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, केंद्र सरकार उनके प्रतिनिधियों से तत्काल सकारात्मक संवाद शुरू करे, शिक्षा व विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर उचित निर्णय ले तथा शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक आंदोलनों के प्रति संवैधानिक और संवेदनशील रवैया अपनाए. आंदोलन के समापन पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर समाज और सरकार के बीच सार्थक संवाद, संवेदनशीलता और विश्वास ही भविष्य की मजबूत व पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला बन सकते हैं। यह प्रदर्शन गोंदिया शहर में ही नहीं जिले के आमगांव, सालेकसा, तिरोड़ा, गोरेगांव सहित अन्य तहसीलों में भी किया गया।

### बोले सचिन शेंडे..

गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष सचिन शेंडे ने कहा कि आज पुरा देश मोदी सरकार की तानाशाही को देख रहा है। पुरी सरकार नीट मामले में आरोपों के कटघरे में घिर चुकी है। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केन्द्रिय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को हटाने का काम नहीं कर रहे हैं, उससे यह साफ है कि मोदी सरकार विफलताओं की जिम्मेदारी नहीं लेती, बल्कि अंग्रेजों की तरह दमनकारी नीति चलाती है। सचिन शेंडे ने कहा कि सोनम वांगचुंग को आमरण अनशन से उठाकर तथा आज दिल्ली में प्रदर्शनकारियों पर जो बर्बरता बरती जा रही है, उससे केन्द्रिय गृह मंत्री अमित शाह दूसरे जनरल डायर होने का सबूत दे रहे हैं।

### बोले पंकज यादव..

शिवसेना उबाठा नेता पंकज यादव ने कहा कि शिक्षा केवल एक शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की मजबूत नींव है, और भाजपा की मोदी सरकार देश की उस नींव को कमजोर करने का काम रही है। पंकज यादव ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व गुरु बनाने का दावा करने वाली भाजपा अपने ही देश में शिक्षा का बाजारीकरण करके देश को खोखला करने का कार्य कर रही है। हमें ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा।

## स्व. अजीतदादा पवार की जयंती पर गोंदिया मे

# 22 से 28 जुलाई तक जिले भर में राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा मनाया जाएगा 'जनसेवा सप्ताह'

### सांसद राजेन्द्र जैन की उपस्थिति में राष्ट्रवादी कांग्रेस की समीक्षा बैठक संपन्न..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की गोंदिया जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक नटवरलाल माणिकलाल दलाल (एन.एम.डी.) महाविद्यालय के सभागार में राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन की अध्यक्षता***

तथा विधायक राजकुमार बड़ोले की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में राज्य के लोकप्रिय नेता स्वर्गीय अजितदादा पवार की जयंती के अवसर पर उनकी पावन स्मृति में 22 से 28 जुलाई तक पूरे जिले में 'जनसेवा सप्ताह' मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सांसद प्रफुल्ल पटेल के मार्गदर्शन में इस सप्ताह के दौरान जनहित एवं समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनसेवा सप्ताह के अंतर्गत जिलेभर में रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच शिविर, सार्वजनिक स्थलों एवं स्मारकों की स्वच्छता अभियान, किसान सम्मान कार्यक्रम, युवा संवाद एवं संकल्प, विद्यार्थी एवं महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम सहित अनेक सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियां आयोजित करने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन ने कहा कि स्वर्गीय अजितदादा पवार ने अपना पूरा जीवन जनसेवा को समर्पित किया। उनके जनसेवा के आदर्शों को आगे बढ़ाते हुए शासन की योजनाओं और सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने जनसेवा सप्ताह के सभी कार्यक्रमों को जनसहभागिता के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर विधायक राजकुमार बड़ोले ने भी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए जनसेवा सप्ताह के सभी कार्यक्रमों को प्रभावी एवं सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में नरेश माहेश्वरी, जिलाध्यक्ष प्रेमकुमार राहंगडाले, राजलक्ष्मी तुरकर, देवेंद्रनाथ चौबे, विनोद हरिणखेड़े, प्रभाकर दोनोडे, सुरेश हर्षे, केतन तुरकर, नानू मुदलियार, माधुरी नासरे, कुंदन कटारे, अविनाश काशीवार, अजय गौर, केवल बघेले, जगदीश बावनथड़े, योगेंद्र भगत सहित जिले के पार्टी पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रमुख, तालुका एवं शहर अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक निष्ठा और निरंतर मेहनत से मिलते चले गए अवसर पे अवसर - सांसद राजेंद्र जैन

### गोंदिया शिक्षण संस्था परिवार ने नव निर्वाचित सांसद राजेन्द्र जैन का किया पारिवारिक सम्मान..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शिक्षण संस्था द्वारा संचालित नटवरलाल माणिकलाल दलाल महाविद्यालय, डी.बी. साइंस महाविद्यालय, एस.एस. गर्ल्स महाविद्यालय एवं पी.पी. एज्युकेशन महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में नवनिर्वाचित***

सांसद तथा गोंदिया शिक्षण संस्था के सचिव राजेंद्र जैन का पारिवारिक सम्मान समारोह एन.एम.डी. महाविद्यालय के सभागार में उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्मानित अतिथि सांसद राजेंद्र जैन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में देवेंद्रनाथ चौबे उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रविंद्र मोहातुरे, प्राचार्य डॉ. मनोज पटले, प्राचार्या डॉ. शारदा महाजन तथा प्राचार्य डॉ. राजेंद्र निकोसे प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षणमहर्षि स्व. मनोहरभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

### प्रास्ताविक, संचालन एवं आभार..

प्रस्तावना में प्राचार्य डॉ. रविंद्र मोहातुरे ने राजेंद्र जैन के सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक कार्यो का परिचय दिया। वहीं प्राचार्या डॉ. शारदा महाजन ने कहा कि राजेंद्र जैन की सफलता पूरे गोंदिया शिक्षण संस्था परिवार के लिए प्रेरणादायी है तथा राष्ट्रीय राजनीति में उन्हें और अधिक सफलता मिलने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहम्मद एजाज शेख ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. मनोज पटले ने किया। समारोह में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### बोले राजेन्द्र जैन..

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए सांसद राजेंद्र जैन ने कहा कि उन्हें एन.एम.डी. महाविद्यालय में कक्षा 11 वीं के छात्र के रूप में शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य मिला था। आज उसी महाविद्यालय में उनका सम्मान होना उनके लिए अत्यंत गर्व और भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि शिक्षणमहर्षि स्वर्गीय मनोहरभाई पटेल का राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षणिक कार्य उनके लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद प्रफुल पटेल के मार्गदर्शन में उन्होंने हमेशा ईमानदारी, निष्ठा और अथक परिश्रम के साथ कार्य करने का प्रयास किया है। एकनिष्ठा और निरंतर मेहनत के साथ ही अवसर मिलते चले गए, और वे कार्य करते चले गए, यही उनकी सफलता का वास्तविक मूल मंत्र है। सांसद जैन ने गोंदिया शिक्षण संस्था के प्राध्यापकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से विद्यार्थियों को अपने बच्चों की तरह मानकर उनकी शैक्षणिक प्रगति के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करने का आह्वान किया।

# पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने सिहोर आश्रम पहुंचकर प्राप्त किया प.पू. पंडित प्रदीप मिश्रा का आशीर्वाद..



### 25 जनवरी 2027 से गोंदिया में नियोजित भव्य शिवमहापुराण कथा की तैयारियों से प्रदीपजी मिश्रा को कराया अवगत..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने आज ता.20 को परमपूज्य राष्ट्रसंत पंडित प्रदीप मिश्रा के सिहोर आश्रम पहुंचकर परमपूज्य राष्ट्रसंत पंडित श्री प्रदीप मिश्रा का शुभ आशीर्वाद प्राप्त किया एवं प्रदीपजी मिश्रा की***

आगामी 25 जनवरी 2027 से गोंदिया में नियोजित शिवमहापुराण कथा की समस्त तैयारियों से उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर प्रदीपजी मिश्रा ने कहा कि, कथा का आयोजन गोपाल जी और कथा स्वंय भोलेनाथ की है। निश्चित रुप से प्रभु के आशीर्वाद से सब उत्तम ही उत्तम होगा। इस अवसर पर पुर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के साथ उनके सुपुत्र प्रफुल अग्रवाल ने भी परमपूज्य पंडित श्री प्रदीप जी मिश्रा का आशीर्वाद लिया। उल्लेखनीय है कि, 'शिव को एक लोटा जल-सारी समस्याओं का हल' का मंत्र देनेवाले एवं शिव महापुराण के माध्यम से शिव की महिमा को देश के घर-घर तक पहुंचाने वाले परमपूज्य पंडित श्री प्रदीपजी मिश्रा के श्रीमुख से उनकी ओजस्वी वाणी में पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने गोंदिया में 25 जनवरी से 31 जनवरी 2027 तक भव्य शिव महापुराण कथा का आयोजन किया है।

उल्लेखनीय है कि परमपूज्य पंडित श्री प्रदीपजी मिश्रा के करोड़ों अनुयायी आज विश्व के कोने कोने में है तथा उनकी हर शिव महापुरान कथा में लाखों की संख्या में श्रध्दालु सम्मिलित होते है। पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के अनुरोध पर परमपूज्य पंडित श्री प्रदीपजी मिश्रा के नियोजित गोंदिया आगमन की सुचना से श्रध्दालुओं में हर्ष का वातावरण देखा जा रहा है।

# जल शुद्धिकरण एवं पेयजल सेवा के क्षेत्र में गोंदिया के प्रकाश शर्मा 'पानी वाले शर्मा जी' को मिला नागपुर में विदर्भ रत्न पुरस्कार..




**जगप्रेरणा गोंदिया।**

जिले के युवा उद्यमी एवं वॉटर केयर सर्विसेस के संचालक प्रकाश शर्मा को जल शुद्धिकरण एवं पेयजल सेवा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्य, नवाचार एवं समाज के प्रति समर्पित योगदान के लिए 'विदर्भ रत्न पुरस्कार 2026' से सम्मानित किया गया।

19 जुलाई 2026 को नागपुर स्थित सॉलिटेयर होटल में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रसिद्ध फिल्म एवं टेलीविजन अभिनेत्री श्रीमती वर्षा उसगांवकर के करकमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने श्री प्रकाश शर्मा को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की। गौरतलब है कि प्रकाश शर्मा गोंदिया जिले संहित संपूर्ण विदर्भ में पिछले कई वर्षो से वॉटर केयर सर्विसेस के माध्यम से घरेलू, व्यावसायिक एवं औद्योगिक जल शुद्धिकरण प्रणालियों, रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों एवं सामाजिक योगदान को देखते हुए उन्हें ÷विदर्भ रत्न पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर गोंदिया सहित पूरे विदर्भ क्षेत्र के सामाजिक, व्यावसायिक एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, मित्रों तथा शुभचिंतकों ने श्री प्रकाश शर्मा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। यह सम्मान न केवल उनके लिए, बल्कि पूरे गोंदिया जिले के लिए भी गर्व का विषय माना जा रहा है।

TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
● कमर का दर्द ● घुटनों का दर्द
● पिठ का दर्द ● गर्दन व कंधों का दर्द
● आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com